हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 308, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 2 मई, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी : सीएम योगी

प्रखर जौनपुर। सोमवार को बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में भाजपा शानदार जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी है।

उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में दंगा नहीं होता। अब कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की बात होती है। बिना भेदभाव को जनता को बिजली, पेयजल और रसोई गैस का कनेक्शन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार और किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है और इसका लाभ भी लोगों को मिल रहा है। विकास की प्रक्रिया में डबल इंजन की सरकार कैसे कार्य कर रही है यह जनता देख रही है। कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। विकास कार्य और योजनाओं के लाभ में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। सीएम बोले बुआ- बबुआ की सरकारों ने जिन हाथों में तमंचे पकड़ाए, हमारी सरकार ने उन युवाओं के हाथों में टेबलेट पकड़ाकर उन्हें स्मार्ट बनाया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्होंने तुष्टिकरण की राजनीति की और हमने सशक्तिकरण किया। सीएम योगी ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का आह्वान किया। सीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सख्त की गई है। चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनाती के साथ ही खुफिया विभाग को अलर्ट किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सभा को संबोधित किया। सभा में पहुंचने वालों की सघन तलाशी की जा रही है। कतार लगावाकर लोगों को सभा स्थल पर प्रवेश दिया जा रहा है।

## सपा को बड़ा झटका, छह बार विधायक रहे पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव ने ली भाजपा की सदस्यता

लखनऊ। फरुर्खाबाद से छह बार विधायक रहे पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव उनकी बेटी जिला पंचायत अध्यक्ष मोना यादव और बेटे सचिन यादव ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ले ली है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। नरेंद्र सिंह यादव की सैफई परिवार से रिश्तेदारी भी रही है। मुलायम सिंह यादव के खास लोगों में गिने जाते रहे, लेकिन बदली परिस्थितियों में खुद को उपेक्षित महसूस करते हुए उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली है। नरेंद्र सिंह यादव का भाजपा में जाना आलू पट्टी में सपा के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। वह यदुकुल पुनर्जागरण मिशन से भी जुड़े रहे और शिवपाल सिंह यादव ने उन्हें मिशन में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी। मालूम हो कि इससे पहले फिरोजाबाद से पूर्व विधायक हरिओम यादव और पूर्व विधायक ओम प्रकाश भी सपा छोड़ चुके हैं। जबकि शाहजहांपुर में पार्टी की दिग्गज नेता और महापौर पद की प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने ऐन मौके पर पाला बदलकर भाजपा की प्रत्याशी बन गई है।

## मौसम खराब होने के कारण सोनप्रयाग में रोके यात्री पुलिस ने कहा- कृपया 4 मई के बाद आएं केदारनाथ

रुद्रप्रयाग। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन यानी चार मई तक उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। जिसे देखते हुए पुलिस ने केदारनाथ धाम जा रहे भक्तों को सुझाव दिया है कि वह चार मई के बाद ही केदारनाथ आएं। सोमवार एक मई को भी केदारनाथ में बारिश और बर्फबारी हुई। लेकिन भक्तों की आस्था पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। भारी संख्या में धाम में भक्त बर्फबारी के बीच ही लाइन में लगे रहे। वहीं बारिश को देखते हुए सोनप्रयाग से सुबह 10.30 बजे बाद यात्रियों केदारनाथ नहीं जाने दिया गया। सोनप्रयाग में यात्रियों की भारी भीड़ है। यात्री सीतापुर से शटल वाहनों के लिए सोनप्रयाग से आधा किलो आगे पहुंच रहे हैं। गौरीकुंड हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सुचारू रुप से हो रही है। वहीं यात्रा पड़ाव पर सुबह से बारिश हो रही है। दूसरी ओर मौसम के अलर्ट को देखते हुए पुलिस यात्रियों से केदारनाथ के बजाय पहले बदरीनाथ के दर्शन करने की सलाह दे रही है। इस दौरान पुलिस चार मई के बाद केदारनाथ दर्शन को आने का सुझाव दे रही है। पछवादून क्षेत्र में दिल्ली यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर चारधाम यात्रा सुचारू चल रही है। कालसी काली माता मंदिर के पास राजमार्ग धंसा होने की वजह से वाहन सावधानी से गुजर रहे हैं। राजमार्ग पर अमलावा नदी जर्जर पुल की रेलिंग टूटी हुई है, जुड्डो में जगह-जगह रोड धंसी होने के कारण तीर्थयात्रियों को आवागमन में दिक्कतें भी हो रही हैं। सड़क किनारे कई जगह मलबा पड़ा होने की वजह से वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ रही है। एनएच अधिकारियों ने यात्रा सीजन को देखते हुए दिल्ली यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग की दशा नहीं सुधारी है। जिस जगह पर राजमार्ग के किनारे धंसे हुए हैं, वहां पर डेलीनेटर लगाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है।

## देशद्रोह कानून में बदलाव के लिए मानसून सत्र में प्रस्ताव लाएगी केंद्र सरकार!

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को स्थगित कर दी। सुनवाई के स्थगित होने का मुख्य कारण केंद्र की वो दलील रही, जिसमें उसने कहा कि वो दंडात्मक प्रावधान आईपीसी की धारा 124ए की समीक्षा के अंतिम चरण में है। दलीलें देते हुए केंद्र ने दंडात्मक प्रावधान की संवैधानिक वैधता को भी चुनौती दी। केंद्र का पक्ष रखते हुए वेंकटरमणि ने कहा कि परामर्श प्रक्रिया अग्रिम चरण में है और इसके संसद में जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट को दिखाया जाएगा। उन्होंने पीठ से आगे आग्रह किया कि कृपया मामले को संसद के मानसून सत्र के बाद आगे की सुनवाई के लिए पोस्ट किया जाए। इस बात से माना जा रहा है कि सरकार मानसून सत्र के बाद कानून में बदलाव का प्रस्ताव ला सकती है, जिसके लिए उसने कोर्ट से समय मांगा है।

## केंद्र सरकार ने 14 पाकिस्तानी मैसेंजर ऐप को किया बैन, संदेश भेजने के लिए आतंकी करते थे इस्तेमाल

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी ऐप के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने आईबी के इनपुट पर पकिस्तान से संचालित 14 मैसेंजर ऐप को बैन कर दिया है। बताया जा रहा है कि आतंकी इन मोबाइल मैसेंजर ऐप का इस्तेमाल संदेश फैलाने और पाकिस्तान से संदेश प्राप्त करने के लिए करते थे। दरअसल, खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के 14 मोबाइल मैसेंजर एप्लिकेशन को ब्लॉक कर दिया है। सूत्रों ने कहा इन एप का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर आतंक फैलाने के लिए किया जाता था।

सूत्रों के मुताबिक, इन एप्लिकेशन का इस्तेमाल कश्मीर में आतंकवादी अपने समर्थकों और ऑन-ग्राउंड वर्कर्स के साथ संवाद करने के लिए करते थे। एक अधिकारी ने कहा- एजेंसियां ओवरग्राउंड वर्कर्स और आतंकवादियों द्वारा आपस में संवाद करने के लिए उपयोग किए जाने वाले चैनलों पर नजर रखती हैं। एक बातचीत को ट्रैक करते समय एजेंसियों ने पाया कि मोबाइल एप्लिकेशन के भारत में प्रतिनिधि नहीं हैं और इस पर हो रही गतिविधियों को ट्रैक करना मुश्किल है। अधिकारी के अनुसार, इसके बाद घाटी में सक्रिय अन्य खुफिया एजेंसियों की मदद से ऐसे ऐप्स की सूची तैयार की गई, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं और भारतीय कानूनों का पालन नहीं करते हैं। सूची तैयार होने के बाद संबंधित मंत्रालय को इन मोबाइल एप पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध से अवगत कराया गया। अधिकारी ने कहा कि इन ऐप्स को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत ब्लॉक किया गया है। सूत्रों ने कहा कि इन ऐप में क्रायपवाइजर, एनिग्मा, सेफस्विस, विकरमे, मीडियाफायर, ब्रायर, बीचैट, नंदबॉक्स, कॉनियन, आईएमओ, एलिमेंट, सेकेंड लाइन, जांगी, थ्रेमा आदि शामिल हैं।

## राहुल गांधी ने मस्जिद से आजान की आवाज सुन बीच में ही रोका भाषण, लोगों को भी कराया चुप

बेंगलुरु। कर्नाटक में सभी पार्टियां विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार में जुटी हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी आज कर्नाटक के तुमकुरु में एक जनसभा करने पहुंचे। राहुल जब रैली को संबोधित कर रहे थे उसी दौरान एक ऐसी घटना घटी जो चर्चा का विषय बन गया।

**आजान सुन रोक दिया भाषण**- दरअसल, राहुल गांधी रैली में अपने भाषण के दौरान भाजपा पर जमकर हमला बोल रहे थे। उसी दौरान एक मस्जिद से अजान की आवाज सुनकर उन्होंने अपना भाषण रोक दिया। इसके बाद रैली में मौजूद लोगों की आवाज आते ही उन्होंने इशारों में उन्हें भी चुप करने का संदेश दिया।

**पीएम मोदी पर साधा निशाना**- राहुल ने कर्नाटक की चुनावी रैली में पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम को यह समझना होगा यह चुनाव किसी एक व्यक्ति का नहीं है, नरेंद्र मोदी का नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम अपने भाषणों में सीएम बोम्मई और बी एस येदियुरप्पा का नाम तक नहीं लेते, वो केवल अपने महिमामंडन करते हैं।

**भाजपा ने 3 सालों में सिर्फ भ्रष्टाचार किया**- कांग्रेस नेता ने

आगे कहा कि 3 साल से भाजपा ने कर्नाटक में सिर्फ भ्रष्टाचार किया है। कर्नाटक के लोगों ने भाजपा सरकार को 40 फीसद सरकार का टैग दे दिया है। राहुल ने कहा कि इसका अर्थ है कि वे जनता से 40 फीसद कमीशन चुराते हैं। राहुल ने आगे कहा कि पीएम मोदी को भी कमीशन की जानकारी थी, लेकिन मैं उनसे पूछना चाहूंगा कि उन्होंने इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

## बरसात में जमकर बरसे आजम, बोले- 'एक फ्यूज बल्ब तक नहीं बदलवा पाए हैं, नाम भी ठीक से नहीं करवाए'

रामपुर। बादल के साथ-साथ सपा नेता आजम खां भी रविवार की रात जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि रामपुर वालों से किसी को कोई मतलब नहीं है, जो चिकनी-चुपड़ी बातें कर रहे हैं सब धोखा है। दरअसल, ये लोग रामपुर के लोगों से बदला लेना चाहते हैं। इसलिए यहां के लोगों के हाथों में चाकू थमाने का इंतजाम किया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि यहां हालात वैसे बन जाए जैसा कि चालीस साल पहले थे। जब एक दिन में चार-चार मर्डर हुआ करते थे। सपा नेता आजम खां रविवार की रात मोहल्ला नालापार में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रामपुर के बच्चे पढ़े-लिखे नहीं इसकी साजिश रची जा रही है। इसके लिए स्कूल बंद कराए जा रहे हैं। रामपुर पब्लिक स्कूल बंद करा दिया गया। बिल्डिंग खाली करा दी गई। पूरे हिंदुस्तान में ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा कि जिस स्कूल में 1600 बच्चे पढ़ते हों और उसे बंद करा दिया जाए। यूनिवर्सिटी को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आगे कहा कि इसके पीछे सिर्फ एक वजह है कि यहां बच्चे पढ़े नहीं। रामपुर पब्लिक स्कूल में मामूली फीस में बच्चे अच्छी तालीम हासिल करते थे। लेकिन इनको ये गवारा नहीं है। यूनिवर्सिटी की वजह बनारस और अलीगढ़ की पहचान है। हम रामपुर की पहचान भी वैसा ही बनाना चाहते थे। आजम खां ने कहा कि विकास का दावा करने वाले अब तक एक फ्यूज बल्ब नहीं बदलवा सके हैं। हमने जो विक्टोरिया लाइटें लगवाई थीं, उसको उतार कर ले गए। हमने जो गेट बनवाए थे उनका नाम बदल दिया। अरे, नाम ही रखना है तो कुछ नया बनवा लिया होता, पुराने का नाम क्यों बदल रहे हो। नाम भी पूरी तरह नहीं बदला, एक-एक गेट पर दो-दो नाम लिखे हुए हैं। ये तो कारनामे हैं इनके। आजम खां ने कहा कि तुमने तो हमसे कलम भी नहीं मांगी थी, लेकिन मैंने कलम का इंतजाम किया। इलाज के लिए अस्पताल बनवाया है। उन्होंने कहा कि अगर मैंने अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट का इंतजाम न किया होता तो कोरोना की पहली और दूसरी लहर में न जाने कितने लोग मर गए होते।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद : हाईकोर्ट का आया बड़ा फैसला, मुस्लिम पक्ष को लगा झटका

मथुरा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्म भूमि कटरा केशवदेव के नाम से दर्ज ईदगाह की जमीन विवाद को लेकर मथुरा में दाखिल सिविल वाद को तय करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अंतरिम आदेश एवं पुनरीक्षण आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका वापस करते हुए निस्तारित कर दी है। याचिका की पोषणीयता के मामले में कोर्ट ने कहा इस मामले में पहले ही फैसला आ चुका है। ऐसे में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड व अन्य की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने याचिका में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है। मथुरा कोर्ट में श्रीकृष्ण विराजमान की तरफ से दाखिल वाद को खारिज करने की मांग को लेकर शाही ईदगाह पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। श्रीकृष्ण विराजमान के अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने बताया कि हाईकोर्ट शाही ईदगाह पक्ष द्वारा उनके मथुरा कोर्ट में दाखिल वाद को खारिज करने की मांग को लेकर याचिका पर फैसला सुनाया है। उन्होंने बताया कि केस की सुनवाई मथुरा जिला जज की अदालत में चल रही थी। मुस्लिम पक्ष के द्वारा जिला जज द्वारा केस की सुनवाई से संबंधित दिए गए निर्णय को होईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। बता दें भगवान श्रीकृष्ण विराजमान की तरफ से सिविल जज की अदालत में 20 जुलाई 1973 के फैसले को रद्द करने और 13.37 एकड़ कटरा केशव देव की जमीन को श्रीकृष्ण विराजमान के नाम घोषित किए जाने की मांग की गई थी। वादी की ओर से कहा गया था कि जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच हुए समझौते के आधार पर 1973 में दिया गया निर्णय वादी पर लागू नहीं होगा, क्योंकि उसमें वह पक्षकार नहीं था। सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की आपत्ति की सुनवाई करते हुए अदालत ने 30 सितंबर 2020 को सिविल वाद खारिज कर दिया था।

## पिता-भाई ने गला दबाया, मुंह में डाला तेजाब फेरों पर शादी का विरोध तो महिलाओं ने पीटा

बरेली। बरेली के फतेहगंज पश्चिमी में मरणासन्न हालत में मिली शाही की युवती छह दिन बाद जिंदगी की जंग हार गई। छह दिन तक अस्पताल में जिंदगी के लिए जूझने वाली 20 साल की मुन्नी देवी की रविवार रात मौत हो गई। दरअसल, 20 साल की दुल्हन मुन्नी की शादी की खुशियां चंद घंटे ही रहीं। विदाई के बाद ससुराल में सिर्फ कुछ ही घंटे नसीब हुए। जिस घर से पिता और भाइयों ने मुन्नी को विदा किया, उस घर की दहलीज तक मुन्नी को नसीब नहीं हुई। मुन्नी पर जुल्म ढहाने वाले कोई और नहीं, बल्कि अपने ही थे। सप्ताह भर पहले शादी के दो दिन बाद मुन्नी की हत्या की कोशिश की गई थी। हत्या का आरोप उसके प्रेमी पर लगाने की तैयारी थी पर पुलिस की जांच में साफ हुआ कि पिता, भाई और दो बहनोई ने मिलकर उसकी हत्या की कोशिश की। इनमें पिता और बहनोई को जेल भेज दिया गया। युवती प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी थी। उसने फेरे लेने से भी इंकार कर दिया था। इसके बाद महिलाओं ने मारपीट कर बिना फेरों के ही उसे विदा कर दिया। उस वक्त का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पिता ने गुनाह कबूल कर लिया। उसने पुलिस से कहा कि वह लोग तो मरा समझकर छोड़ आए थे, बेटी जाने कैसे बच गई। तोताराम ने बताया कि बेटी को गांव का ही युवक पिछले साल अप्रैल में फुसलाकर ले गया था। युवक उन्हीं की बिरादरी का था तो आपसी समझौते के तहत तीन दिन बाद वह बेटी को ले आया। दस दिन बाद दोबारा बेटी उसके साथ चली गई। इस बार ये लोग

एक सप्ताह में वापस लौटे। इससे उसकी गांव में काफी बदनामी हुई थी। तब से उसने सोच लिया था कि बेटी की कहीं और शादी कर देगा। दोनों दामाद छेदालाल और दिनेश के साथ मिलकर उसने कई रिश्ते देखे। फिर भमोरा के गांव नत्था की गौटिया निवासी दामाद दिनेश ने ही अपने पड़ोस के गांव भगवानपुर (जिला बदायूं) में देवेंद्र से रिश्ता तय कराया। बेटी प्रेमी से ही शादी पर अड़ी थी पर उन्होंने किसी तरह निगरानी कर उसे रोक रखा था। बवाल के डर से गांव में बरात नहीं बुलाई। 22 अप्रैल को शाही के पास मिजार्पुर के बरातघर में बरात आई। बेटी ने रात भर ड्रामा किया। फिर बीमारी का बहाना कर फेरे नहीं लिए। उन्होंने भी देवेंद्र के साथ जबरन उसे गाड़ी में बैठाकर विदा किया। वह घर पहुंचे ही थे कि देवेंद्र की कॉल आ गई। कहा कि आपकी बेटी किसी से नहीं बोल रही, आप आकर देख लो। तब वह बाइक से बेटे प्रेम कुमार के साथ 23 अप्रैल की सुबह बेटी की ससुराल पहुंच गए। दोनों दामादों को बुला लिया। वहां बेटी ने साफ कह दिया कि वह इस शादी को नहीं मानती, प्रेमी के साथ ही जाएगी। उन लोगों ने काफी पहले बेटी से मोबाइल छीन लिया था। उन्होंने देखा कि वह पति के मोबाइल से प्रेमी से बात कर रही है। देवेंद्र व उसके परिजनों का कहना था कि उन लोगों को फंसा दिया गया है। एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल को दी जानकारी के मुताबिक, 23 अप्रैल की रात तोताराम समेत चारों लोग बेटी की ससुराल में रुके। सुबह नौ बजे तोताराम बेटे को लेकर बाइक से देवचरा आए। वहां से टॉयलेट क्लीनर (लाइट एसिड) लिया। इसकी तस्दीक दुकान मालिक ने भी की।

## शाइस्ता की मददगार लेडी डॉन का चेहरा बेनकाब धूमनगंज थाने की महिला हिस्ट्रीशीटर है मुंडी पासी

प्रयागराज। 24 फरवरी को प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस लगातार फरार चल रही माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन की तलाश कर रही है। साथ ही शाइस्ता के करीबियों पर भी पुलिस और एसटीएफ की नजर है। अब पुलिस के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। पुलिस को महिला डॉन मुंडी पासी की तस्वीर मिल गई है। अब तक पुलिस के पास मुंडी पासी की कोई तस्वीर उपलब्ध नहीं थी। उमेश पाल हत्याकांड में मुंडी पासी का नाम भी सामने आ रहा है। यह महिला शाइस्ता के साथ लगातार देखी जा रही थी। यह धूमनगंज थाने की महिला हिस्ट्रीशीटर है। इस पर कई मुकदमे भी दर्ज हैं। अतीक-अशरफ को उमेश पाल हत्याकांड मामले में पुलिस ने रिमांड पर लिया था। हत्या वाले दिन दोनों पुलिस के साथ निशानदेही के लिए गए थे। वापसी में उनका मेडिकल काल्विन अस्पताल में हुआ था। वहां से निकलने के बाद मीडिया कर्मियों के वेश में आए अरुण मौर्य, लवलेश तिवारी और सनी ने मौका पाते ही अतीक-अशरफ को गोलियों से भून दिया था। 24 फरवरी को प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह रहे उमेश पाल और उसके

दो सरकारी गनर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से इस हत्याकांड की जांच शुरू की, तो उसमें माफिया अतीक अमहद का बेटा उमेश पाल पर गोलियां बरसाते हुए नजर आया। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल असद समेत 4 आरोपितों को मुठभेड़ में मार गिराया, बाकी अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## संपादकीय

# अपराध का दायरा

यह कल्पना भी दहला देती है कि बारह-तेरह साल के बच्चे अब इस मानसिक अवस्था में जीने लगे हैं कि एक बेहद मामूली बात पर बेलगाम होकर उनमें से कोई अपने ही किसी सहपाठी की ही हत्या कर दे। दिल्ली के बदरपुर इलाके में स्थित एक स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र ने सिर्फ संयोगवश अपने दो सहपाठियों को सिगरेट पीते देख लिया और इसकी शिकायत कर देने की बात कह दी। यह एक ऐसी बात है, जिसे आम सामाजिक जीवन में बिल्कुल सामान्य गतिविधि के तौर पर देखा और लिया जाता रहा है। लेकिन सिर्फ इतने भर के लिए सिगरेट पीने वाले दोनों छात्रों के भीतर ऐसी प्रतिक्रिया पैदा हुई कि वे पहले अपने सहपाठी को बहला-फुसला कर सुनसान जगह पर ले गए, वहां उसकी पत्थरों से मार कर हत्या कर दी और शव को एक नाले में फेंक दिया। इस अपराध की प्रकृति को देखा जाए तो एकबारगी यह पेशेवर अपराधियों की हरकत लगती है, जिसमें योजनाबद्ध तरीके से अपराध को अंजाम देने और बचने की कोशिश की जाती है। इस घटना में बेहद त्रासद और दुखद यह है कि दो ऐसे बच्चे हत्या के आरोपी हैं, जो अभी महज करीब बारह साल के हैं। जाहिर है, कानून की कसौटी पर इसमें बच्चों को नाबालिग आरोपी मान कर बरता जाएगा और उसी मुताबिक निर्धारित सजा भी तय होगी। लेकिन इस मामले को सिर्फ एक सामान्य अपराध मानने के बजाय इसकी जटिलताओं पर गौर करने की जरूरत है। समाज से लेकर सरकार को इस पर चिंतित होना चाहिए कि सार्वजनिक जीवन में कहां और क्या ऐसी चूक हो रही है कि जिस उम्र में बच्चों को सद्भाव का प्रतीक होना चाहिए, पढ़ाई में दिलचस्पी लेनी चाहिए, मामूली बातों पर थोडा झगड़ने के बाद फिर साथ मिल कर खेलना-कूदना और दोस्ती करना चाहिए, प्यार का संदेश बनना चाहिए, उस उम्र में सिगरेट जैसी लत का शिकार होने से आगे वे असंतुलित मनःस्थिति में चले जा रहे हैं। सवाल है कि इतनी कम उम्र में बच्चों के भीतर ऐसी विकृति और आक्रामकता कहां से आ रही है, जो कई बार जघन्य अपराधों की हद तक चली जाती है। क्या यह शिक्षा और पालन-पोषण में जरूरी तकाजों का खयाल नहीं रखने का नतीजा है? या फिर यह ऐसे माहौल की देन है जो बिना शोर के हमारे आसपास बन रहा है और या तो हम उस पर ध्यान नहीं दे पाते या फिर उसे अपनी सुविधा के तौर पर देखते हैं? दरअसल, पढ़ाई-लिखाई की निर्धारित दिनचर्या के अलावा बच्चों की जिंदगी में कैसी व्यस्तताएं बन रही हैं, उस पर नजर रखना अब न अभिभावकों को जरूरी लगता है, न एक समस्या बन रहे इस पहलू पर स्कूल में या कहीं भी बच्चों को प्रशिक्षित किए जाने की व्यवस्था है। इंटरनेट से लैस स्मार्टफोन सहित अपने सामने की तकनीकी दुनिया की तमाम गतिविधियां अब बच्चों की जिंदगी में देखने-सुनने और कई बार उसमें शामिल होने का हिस्सा बन रही हैं। मुश्किल यह है कि किशोर उम्र में जिन बातों से उपजे भ्रम को संवेदनशीलता के साथ दूर करके उन्हें जरूरी बातें बताने की जरूरत होती है, वे बातें बच्चे अब अलग तरह से सुनते और समझते हैं। नतीजतन, उनके भीतर मनोवैज्ञानिक स्तर पर जिस तरह का विभ्रम, ऊहापोह और उथल-पुथल मचता है, वह उनके सोचने-समझने के सलीके को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। बहुत मामूली बातों पर हुए झगड़े के बीच बेलगाम आक्रामकता में कई बार यह भी पता नहीं चल पाता कि वे जो करने जा रहे हैं, वह गंभीर अपराध है और इस वजह से उनकी बाकी जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।

## पड़ सकता है भारी!

बढ़ सकती हैं मुश्किलें ।
दे रहे बयान ।।
दे देंगे इस्तीफा ।
कह दे आलाकमान ।
पशोपेश में पार्टी ।
चल रहा चुनाव ।।
रहा यही यदि हाल ।
मिल जाए ना घाव ।।
अपने दम पर हर पल ।
करना राजनीति ।।
दूसरे का कंधा भी ।
नहीं दिलाता जीत ।।
रह रह कर बस बोलना ।
पड़ सकता है भारी ।।
प्रतिक्रिया से पहले ।
है करनी तैयारी ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# तकनीकी दुनिया बनाम वास्तविक समाज

विश्वास के संकट के कारण ही लोग व्यक्तियों से ज्यादा मशीनों पर भरोसा करने लगे हैं। लेकिन लोग यह कैसे भूल जाते हैं कि जब से उन्होंने मनुष्य की जगह मशीनों को चुना है, तब-तब प्रकृति को चुनौती दी है। जब प्रकृति को चुनौती मिलती है तो वह कितना विकराल रूप ले सकती है, यह बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। आज की दुनिया में वास्तविक और भ्रम के बीच अंतर करना उतना ही कठिन हो गया है, जितना दूध से पानी को अलग करना। डिजिटल क्रांति ने मानव समाज को इतना कृत्रिम बना दिया है कि सच या झूठ, यथार्थ या आभासी, वास्तविक या परछाई में अंतर ही नहीं किया जा सकता। इस कृत्रिम मशीनी समाज में रहते हुए मनुष्य भी खुद को मशीन समझने लगा है।

जिस तरह से मशीन में भावनाएं नहीं होतीं, उसी तरह अब मनुष्य भी भावना रहित हो गया है। उसे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उसके आसपास क्या हो रहा है, परिवार के युवा, बुजुर्ग या फिर बच्चे किन तनावों से गुजर रहे हैं, समाज या देश किन समस्याओं से जूझ रहा है, क्योंकि वे तो केवल आभासी दुनिया की सैर में व्यस्त रहते हैं। एक ऐसी काल्पनिक दुनिया, जिसमें वह सब करना संभव है जो वास्तविक दुनिया में करना संभव नहीं होता। उदविकासवादी मानते हैं कि समाज और संस्कृति का विकास विभिन्न चरणों से होकर गुजरा है और प्रत्येक अगला चरण पहले चरण से अधिक विकसित होता गया। हम जंगली अवस्था से बर्बर अवस्था और फिर बर्बर अवस्था से सभ्य अवस्था की ओर बढे। यानी प्रथम चरण में मनुष्य पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर था। वह अपनी हर आवश्यकता को प्रकृति से पूरा करता था और स्वस्थ और खुश रहता था। फिर बर्बर अवस्था में वह मानव निर्मित परिवेश का हिस्सा बना और तीसरे चरण में उच्च और विकसित तकनीक के प्रयोग ने उसके जीवन को ही मशीन में बदल दिया। आज मनुष्य मशीन को नियंत्रित नहीं करता, बल्कि मशीन मनुष्य को नियंत्रित करने लगी है। नतीजतन, आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) स्वाभाविक बुद्धि पर हावी होती जा रही है। कृत्रिम बुद्धि के वर्चस्व का ही नतीजा है कि कुछ समय पूर्व एक्टोलाइफ नामक कंपनी के एक वीडियो में यह दावा किया गया कि अगर किसी महिला को स्वास्थ्य कारणों से गर्भाशय निकलवाना पड़ा तो उसे अब तनाव की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि इसके बावजूद वे मां बन सकेंगी। या फिर कोई पुरुष नपुंसकता से पीड़ित है तो भी उसकी पत्नी मां बन सकेगी। अगर उस वीडियो के जरिए भावी दुनिया के संकेत समझें तो कृत्रिम गर्भाशय में बच्चा कृत्रिम बुद्धिमत्ता की निगरानी में नौ महीने तक रहेगा।

यानी अगर सचमुच संभव हुआ तो अब बच्चे को जन्म देने के लिए इंसानी कोख की भी जरूरत नहीं है, क्योंकि मशीन महिला के गर्भ की तरह ही सुरक्षित होगी और वह एक स्वाभाविक गर्भ की तरह ही काम करेगी। खबरों के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धि आधारित अभिभावकीय बाजार पूरी दुनिया में अभी करीब 5,238 करोड़ रुपए के पार जा चुका है। वर्ष 2028 में इसके करीब तेरह हजार करोड़ रुपए के होने की उम्मीद है। अनुमान लगाया जा सकता है कि बाजार में हर रिश्ता, हर भावना अब बिकाऊ है। या कहें कि भावनाओं का बाजार वस्तुओं के बाजार पर भारी होता जा रहा है। एक मशीन (कृत्रिम कोख) के लिए यह दावा करना कि वह बच्चे के लिए ह्यतीसरे अभिभावकह्न की भूमिका निभाएगी, बच्चे की जिंदगी में आ रही जिन मुश्किलों को अभिभावक नहीं समझ पाते, उन्हें यह यंत्र (पेरेंटाफ नमक ऐप) समझने में मदद करेगी, कितना विरोधाभासी प्रतीत होता है। जिस मशीन को खुद मनुष्य ने तैयार किया, जिसमें सारा डेटा खुद मनुष्य ने भरा, वही यंत्र मनुष्य की बुद्धि और सामर्थ्य को चुनौती दे रही है। यह चिंता का विषय भी है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि डिजिटल दुनिया से पहले भी लोगों को समस्याएं और चुनौतियां मिलती थी और वे अपनों से अधिक अनुभवी लोगों की सहायता से उन परेशानियों का सामना करते थे। यहां तक कि बच्चे के पैदा होने के बाद उसकी देखभाल कैसे की जाए, उसे खाने के लिए क्या दिया जाए, बच्चे का टीकाकरण कैसे और कब कराया जाए, आदि सभी सवालों के जवाब के लिए कृत्रिम बुद्धि की सहायता से ह्यजननीह्न नामक एक ऐसा वाट्सऐप मंच बना है जो नई पीढ़ी के अभिभावकों की मदद करता है।

सवाल है कि अब ऐसा क्या हो गया कि मनुष्य कृत्रिम दुनिया में जीने को बाध्य हो गया है। आखिर क्यों परिवार की भूमिका का निर्वाह मशीनों को हस्तांतरित किया जा रहा है? शायद समाज और परिवारों में उत्पन्न संकट की स्थिति इसके लिए जिम्मेदार है। दादी-नानी और चाची-मौसी की भूमिका अब बाजार निर्मित उपकरणों या संस्थाओं ने ले ली है। परिवार का आकार सिकुड़ते-सिकुड़ते इतना छोटा हो गया है कि उसमें से अनेक रिश्ते अब गायब हो गए हैं। लोग इतने आत्मकेंद्रित हो गए हैं कि उनके लिए परिवार का मतलब केवल पति-पत्नी और उनके बच्चे हैं। वैसे दादा-दादी या चाचा-चाची अब साथ नहीं रहते। अगर रहते भी हैं तो यह नई पीढ़ी के अभिभावक और बच्चे अब उन्हें पहले की तरह समय और महत्त्व नहीं देते, बल्कि उन्हें बोझ समझते हैं। यहां तक कि अनेक बार घर के बुजुर्गों के साथ समायोजन नहीं कर पाने के कारण या उनकी सेवा करने से बचने के कारण उन्हें वृद्ध आश्रम छोड़ आते हैं, क्योंकि बुजुर्ग पीढ़ी के सुझाव इस नई पीढ़ी को अब रोक-टोक लगते हैं। नई पीढ़ी को लगता है कि बुजुर्गों का काम अब तकनीक से लिया जा सकता है और वह बुजुर्गों की तरह कोई रोक-टोक या सवाल-जवाब भी नहीं करती और न ही जबरदस्ती की सलाह देती है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि जिस व्यवस्था का कोई विकल्प मिल जाता है. फिर उसको बदलने में लोग नहीं हिचकते। यही कारण है कि आज के समय में समाज में वृद्धाश्रमों की संख्या में वृद्धि देखी जा सकती है।

पर यह भी सच है कि जब से परिवारों के आकार छोटे हुए हैं या परिवार संस्था का विघटन हुआ है, लोगों का एक दूसरे पर विश्वास कम हुआ है, लोग स्वार्थ केंद्रित हुए हैं, समूह हित का स्थान व्यक्तिगत हितों ने ले लिया है। समाज में हर तरफ चाहे निजी संबंध हो, राजनीति हो, अर्थव्यवस्था हो, बिखराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस विश्वास के संकट के कारण ही लोग व्यक्तियों से ज्यादा मशीनों पर भरोसा करने लगे हैं। लेकिन लोग यह कैसे भूल जाते हैं कि जब से उन्होंने मनुष्य की जगह मशीनों को चुना है, तब-तब प्रकृति को चुनौती दी है। जब प्रकृति को चुनौती मिलती है तो वह कितना विकराल रूप ले सकती है, यह बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। आदिम युग से आज के उत्तर-आधुनिक या डिजिटल युग तक मनुष्य के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान ही मुख्य आवश्यकताएं हैं। उसके अलावा जीवन को स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए सामाजिक संबंधों का सहज होना, उनमे विश्वास और प्यार होना जरूरी है जो इस मशीनी युग में कहीं खो गया है। लेकिन लगता नहीं है कि किसी को भी इसकी चिंता है। यह सच है कि पूर्व के समाजों की तुलना में वर्तमान दौर में लोगों के पास अनेक विकल्प उपलब्ध हैं, जिनके आधार पर वे अपने जीवन को आकार देने में सक्षम हुए हैं। आज बच्चों के पालन-पोषण से लेकर अनेक जरूरी काम स्वचालित मशीनें या रोबोट कर देते हैं। फिर मानव समाज में मानवीय संबंधों और भावनाओं की जरूरत ही कहां रह जाती है।

# मजदूर दिवस : इतिहास, वर्तमान और भविष्य का असली निर्माता हैं मेहनतकश मजदूर

**एक दिन फल जरूर उगेगे**
**रोटी के पेड में,**
**इंकलाबी जिस दिन खेत के मजदूर हो गए ।**
**मेहनतकशो के पसीनों से भी महकेगा गुलिस्तॉ अपना,**
**हवा-हवाई आसमानी रहनुमा जिस दिन ठेर हो गये।**

इतिहास के पन्नों में दर्ज दुनिया के अनगिनत राजाओं, रईसों, सम्राटों, बादशाहों और शहंशाहो के अनेकानेक सुनहरे सपनों,ख्वाबों तथा ख्वाहिशों को अपने हाथों के जादुई हुनर से मुक्कम्ल जमीन पर उतारने वाले मेहनतकश मजदूर ही वास्तव में इतिहास, वर्तमान और भविष्य के असली निमार्ता हैं। मेहनतकश मजदूरों ने ही सफेद संगमरमर को तराश कर शहंशाह शाहजहाँ की मुहब्बत को ताजमहल की शक्ल-सूरत में ढालकर हमेशा -हमेशा-हमेशा के लिए एक जिन्दा प्रेम की कहानी बना दिया। सडको के हाशिये पर आबाद फुटपाथ पर आसमान और धरती को ओढना-बिछौना बनाकर तारों से ऑख मिचौली करते-करते रात गुजारने वाले मेहनतकश मजदूर ही चमचमाती चारकतारी सडको , राजपथो और राजमार्गों को बनाता है। हमारे मेहनतकश मजदूरों ने बेजान पत्थरों को गढकर न केवल हमारी पुजाओं और प्रार्थनाओं के भगवान और देवता बनाएं अपितु अनगिनत ऐसे नक्काशीदार मंदिरों को बनाया जिसको देखकर अनगिनत दर्शकों की ऑखे चौधियॉ जातीं हैं। अपनी मेहनत को ही अपना ईमान समझने वाले मजदूरों ने अनगिनत मंदिरों, मस्जिदों, दुर्ग, किलों और आलीशान महलों को बनाकर वास्तुशिल्प, वास्तुशास्त्र , वास्तुकला और वास्तुसौन्दर्य की दृष्टि से मानव सभ्यता को महकाने का श्लाघनीय प्रयास किया। चना-चबेना चबाकर काम की तलाश में शहर दर शहर भटकने वाला मजदूर ही धन्नासेठो की खुशियों और हसरतों की गगनचुंबी अट्टालिकाएं बनाता है। महज नून रोटी कच्ची प्याज और हरी मिर्च से अपने पेट की भूख मिटाने वाले मजदूरों ने जान हथेली लेकर भॉखडा नांगल, हीराकुंड, रिहंद जैसे बाँध और पुल पुलिया बनाया जो हमारे विकास और आवागमन के बुनियादी स्तम्भ बन चुके हैं। हसियॉ, हथौड़ा, छेनी, कुल्हाड़ी, कुदाल , फावड़ा , करनी वसूला , आरी और खुरपी जैसे अनगिनत सृजन, रचना, निर्माण और विकास के औजार मेहनतकश मजदूरों के उसी तरह साथी और दोस्त होते हैं जिस तरह कलम , कापी और किताबें शिक्षार्थियों , शिक्षको और अध्ययनार्थियो की दोस्त और साथी होती हैं। सृजन, रचना, निर्माण और विकास के इन्हीं अनगिनत औजारो को अपना साथी बनाकर अपने जादुई हुनर , कभी न थकने वाले हौसले और फौलादी इरादों से इस खूबसूरत दुनिया को रचने ,गढ़ने , सजाने और सवांरने वाले मेहनतकश मजदूरों के परिश्रम और पराक्रम की बदौलत ही आज हमारी सभ्यता और संस्कृति इस मुकाम तक पंहुची हैं । इसी मेहनतकश मजदूरों ने अपने फौलादी इरादों से कुदाल और कुल्हाडी उठाई और घने जंगल झाड़ियों को काटकर खेत खलिहान बनाएं और अनाज उपजाए ।इतिहास की किताबों और साहित्यिक सर्जनाओ मे लगभग हाशिए पर धकेल दिए गए इस मेहनतकश मजदूरों ने ही सचमुच ऊसर बंजर और मरुभूमि पर अपने पुरुषार्थ के पसीने से हरियाली लाई । धरती के अंदर अनन्त अदृश्य आंतरिक अंतःस्थल को किंवदंतियों के अनुसार "पाताल लोक "के रूप में परिकल्पित किया जाता था ।कौन जानता था कि पाताल लोक के रूप में परिकल्पित अंतःस्थल में कितना खजाना भरा पडा है परन्तु बीबी बच्चों की परवाह किए बिना कलेजे पर पत्थर रखकर धरती की छाती चीरकर धरती के अंतःस्थल की अनन्त गहराइयों में उतर गया और लोहा तांबा पीतल निकाल लाया खुद को गलाकर तपाकर लोहे को गलाया पिघलाया और गला पिघलाकर तरक्की के अनगिनत औजार बनाएं जिसके आसरे भरोसे दुनिया समन्दर से आसमान तक अनगिनत करिश्मे कर रही हैं ।इतिहास के इस महान पर गुमनाम से किरदार ने अपनी जान हथेली पर लेकर कोयला सहित उर्जा और शक्ति के स्त्रोतों संसाधनों को तलाशा तराशा,पानी से बिजली बनाई और घरो घरों में बिजली पंहुचाकर हर घर को रोशनी से नहलाया पर उसके पुरुषार्थ का कारवां यही नहीं ठहरा उसने इन्हीं उर्जा के संसाधनों के सहारे कल कारखाने बनाए चलाए और दुनिया के हर इंसान की हर तरह भूख चाहत खवाबों ख्वाहिशो और फैशन की इच्छाओं को पूरा किया और आज भी कर रहा है ।

इतिहास में दर्ज कई संग्रामो और कई क्रांतिओ को राह दिखाने वाले इस रहबर के सम्मान में पूरे वर्षभर में आयोजित होने वाले इस इकलौते उत्सव पर मजदूर दिवस पर मेहनतकश मजदूरों को मजदूर दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं ।

**मनोज कुमार सिंह प्रवक्ता**
**लेखक/ साहित्यकार/ उप सम्पादक कर्मश्री मासिक पत्रिका**

# कांटों भरे रास्तों में दिल को सुकून देती हैं भरोसे को तौलतीं कहानियां

कहानियों का एक संवाद है पाठकों के साथ। कहानियां रात ढले जब नींद छलने लगती है, तब उनके आखर बच्चे की तरह बांहों में भर लेते हैं। जब कहानियां पंचतंत्र में गूंथी जाती हैं, भावों को समेटना पड़ता है, तो वे दादी-नानी के मुख से झरने-सा प्रवाह पाकर निहाल हो जाती हैं। कहानियां मन के मौसम के साथ उड़ती हैं। कभी कुछ साथ चलती हैं तो कभी कुछ रूठ कर छूट जाती हैं। जब ढोल चिरैया लिखना होता है, तो वे आंधी-पानी से भी मुठभेड़ कर गुजरती हैं। जब धन-दौलत की कहानी लिखी जाती है, तो वे कंगाली की जाजम बिछा कर पसर जाती हैं। मूंगे-मणियां लिखते हुए कहानियां सोना-चांदी-सी दमकने लगती हैं। बतियाते हुए जब चलते-चलते थक जाने पर किसी पेड़ तले सुस्ताने की पनाह देती हैं। मचलता मन जब धुप गुनगुनी लिखता है, तो शाम सुहानी कहानी सिरहाने थपकी देने आती है। चैतन्य की हलचल आज का शब्द, आज का विचार और सोशल मीडिया है जो कहानियों के अल्फाजों में समा जाता है। कहानी लिखी जाती है चुनिंदा अक्षरों से तो बस सोचना हो जाता है मन की मस्तियों से और खोज ली जाती है शब्द कल्पना के घरों से। पहले रात इतनी अंधेरी न थी, पता चला अंधियारों में बैठकर कहानियों को गूंथते हुए। जिनसे कसीदे लिखे गए थे, वह फेंक दिया है कलम कहानी के किरदारों ने। फिर दिल से, सच्ची कलम से वे अफसाने लिखे गए, जिन्हें रोजनामचों में कहीं जगह नहीं मिलतीं। वे बसर करने लगे हैं कहानियों में। अब ये हर रोज, हर जगह की वे वारदात लिखती हैं, जो तंग नजरिए के सारे दायरे तोड़ देती हैं।

अब खुली फिजाओं में कायनात लिखती हैं। जो वाकयात हैं, उनका तो जिक्र करती ही हैं, लेकिन जो होने चाहिए, वह भी सलीके से लिख रही हैं ये रवानियां। इस बगीचे में देखी जानी है फिर से बहार। इसलिए डाल-डाल, पात-पात पर लिखी जाती हैं कहानियां। मगर सच का आलम यह है कि जो लिखना चाहा गया, वह लिखा नहीं गया। नींद में सारे ख्वाब मिट गए हैं, अल्फाज खो गए हैं। इक खामोशी का का बीज खयालों में उगने लगता है तो ताजी हवाओं की मानिंद बारिश के झोंकों संग कहानियों के रूप में सामने आ खड़ी होती हैं। जब सारे

खयालों के अक्षर धुंधले होकर बहने लगे, तब आंसुओं ने जो भी देखा, उसी को समेट लिया कहानियों ने।

सच कहा जाए तो दिल में जो आग जलती है तो फिर कोई रंग-रूप न बचा इस दर्द के करीब। आशा-निराशा मिट गई। दिल में कोई भी शौक-तमाशा शेष नहीं रहा। दुनियादारी में लोग कहते हैं, मगर अपने लिए तो कोई भी भला मंजर नहीं रहा है। सलीके वाली आंखें नहीं रहीं। ऐसे में जब खामोशी है, बातें नहीं रहीं, तो बीड़ा उठाया कहानियों ने। जब सब पारा-पारा हो गया और खाली-सा मकान रह गया, कुछ नहीं रहा जेहन में, तब बस लिखी जाती हैं कहानियां। चारों और घिरे हैं कदम कांटों से। कहां रखे जाएं संभाल कर कि कोई रास्ता नहीं है। तब मंजिल दिखाई कहानियों ने। दरअसल, खोई हुई आवाजों को अवसर देती हैं ये हैं ये कहानियां।

रचनात्मकता की रोचकताओं से भरा एक उत्पाद है कहानी। कहानी परिमित सीमाओं में नहीं रह सकती। इसलिए उसने अपने लिए विराटतम घर बनाया, असीमित सीमाओं वाले ब्रह्मांड के दूसरे रूप मन को। इसीलिए अपने मूल स्रोत मन से उत्सर्जित होकर रचनात्मक यात्रा करती हैं कहानियां। मन, पात्रों, घटनाओं और विचार की रचनात्मकता को एक घर देता है। मन अपने घर को अपनी ऊर्जा से भर देता है और उसे एक करिश्माई क्रम में संचालित रखता है।

यह एक आश्चर्यजनक संतुलन प्रदान करता है। मन ही सब कुछ रचता है। इसका स्वभाव कहता है कि कुछ भी अपरिवर्तित नहीं रहना चाहिए। सार्वभौमिक, रचनात्मकता की अपनी भव्य यात्रा में कहानिकारों ने जीवन-प्रक्रियाओं को रूपांतरित कर आभामंडल का निर्माण किया। इस जीवन मंडल में कहानी की असाधारण भूमिका है। कहानियों के संश्लेषण-विश्लेषण के माध्यम से यह जीवन चक्र बढ़ता है। फिर यह जीवन विविध-धाराओं में प्रवाहित होने लगता है। यह विशाल, अथाह और अद्भुत जीवन जो है, कहानी इसे विविधता का स्वरूप देती है। यह अपनी रचनात्मकता के सभी रंगों को सभी प्रजातियों में, उनकी रज में, विविध परिदृश्यों में फैले विविध तंत्रों में, जल में, भूमि पर, मिट्टी में और वातावरण में फैलाती हैं कहानियां। इस जीवन मंडल ने अपने प्रकाश के लिए, अपनी सुंदरता को बुनने और पूरे जीवन में अपने परमानंद को प्राप्त करने के लिए सबसे गौरवपूर्ण ताना-बाना बुना है कहानियों का।

नील-सुंदरी है हमारी पृथ्वी! यही तथ्य अन्य अनुपूरक तथ्यों को जन्म देता है। यहां प्रकृति सुंदर है, लेकिन जीवन अधिक सुंदर है। अचल की तुलना में सचल चीजें अधिक आकर्षक हैं और यही है जीवन की सुंदरता। जीवन अधिक सुंदर हो और इस जीवन को बढ़ाने-विस्तार देने वाला सबसे सुंदर उपाय के रूप में है हमारे पास कहानी। तो सब मिल कर एक कहानी रचें जो जीवन को अधिक सरस और आनंदमयी बनाए।

# संपूर्णानंद संस्कृत विवि में करोड़ों रुपये के गबन में आरोपी को ईओडब्लू निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने किया गिरफ्तार

प्रखर दानगंज वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में दुर्लभ पांडुलिपियों और ग्रंथों के प्रकाशन के लिए शासन से मिले करोड़ों के अनुदान में गबन के एक आरोपित रमेश कुमार पटेल को रविवार की रात ईओडब्लू (आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा) की वाराणसी ईकाई ने गिरफ्तार कर लिया। रमेश शिवपुर थाना क्षेत्र के मीरापुर बसही का निवासी है। वर्ष 2014 में चेतगंज थाने दर्ज इस मुकदमे की जांच शासन ने ईओडब्लू की वाराणसी इकाई को सौंपी थी। ईओडब्लू निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम में मुख्य आरक्षी विनीत पांडेय, हेमन्त सिंह, रामाश्रय सिंह व आरक्षी सरफराज अंसारी ने आरोपित को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर सुनील वर्मा ने बताया कि इस सम्बंध में वर्ष 2014 में थाना चेतगंज पर धोखाधड़ी सहित कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर साजिशन

सरकारी धन गबन का मुकदमा दर्ज है। इसी मामले में पिछले माह दो दो प्रिंटिंग प्रेस संचालक पकड़े जा चुके हैं। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।सत्र 2000-01 और 2009-10 के बीच शासन ने संस्कृत विश्वविद्यालय को 10 करोड़ 20 लाख 22 हजार रुपये का अनुदान दुर्लभ पांडुलिपियों एवं ग्रंथों के मुद्रण और प्रकाशन के नाम पर दिया था। विश्वविद्यालय के प्रकाशन संस्थान के तत्कालीन निदेशक ने वित्त विभाग के अधिकारियों, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों से मिलीभगत कर 5.68 करोड़ रुपये का फर्जी भुगतान दिखाकर गबन कर लिया। ईओडब्ल्यू की जांच के दौरान पता चला कि प्रकाशन विभाग की ओर सेमात्र 3.67 करोड़ रुपये का मुद्रण और प्रकाशन कराया गया। इस संबंध में दिसंबर 2014 में ईओडब्ल्यू ने चेतगंज थाने में 11 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर साजिशन सरकारी धन गबन का केस दर्ज कराया था। इस प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी रमेश कुमार पटेल पुत्र देवनारायण पटेल निवासी मीरापुर बसही को रविवार रात ईओडब्लू वाराणसी के निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा व उनकी टीम ने गिरफ्तार किया।

# जीत की जुगत में नुक्कड़ सभा से मांगा जनसमर्थन

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के नगर पालिका परिषद गाजीपुर के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार दिनेश यादव के समर्थन में कल देर रात तुलसिया के पुल पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने इस नुक्कड़ सभा के माध्यम से अध्यक्ष पद के लिए दिनेश यादव को साइकिल पर मुहर लगा कर भारी मतों से जिताने की अपील किया गया। इस सभा के माध्यम से दिनेश यादव ने सभी स्थानीय जनता से सहयोग और समर्थन देने की अपील किया और कहा यदि आपका आशीर्वाद मिला तो शहर की सारी बुनियादी जरूरतों को पूरा करते हुए इस शहर को स्मार्ट सिटी बनाने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा गाजीपुर को स्मार्ट सिटी बनाने के बजाय गाजीपुर को पूरे गड्ढे में तब्दील कर दिया है। उन्होंने नगर में चल रहे सीवर लाइन के काम में घटिया सामग्री का आरोप लगाते हुए कहा कि आने वाले दिनों में बन रही सीवर लाइन शहर के लिए एक बड़ी समस्या बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि महिला अस्पताल, गोराबाजार स्थित सदर अस्पताल, सरजू पांडे पार्क का सुंदरीकरण, गोराबाजार में आडिटोरियम, अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम, ट्राली ट्रान्सफार्मर , 270गलियों में इंटरलाकिंग और ढक्कन दार नाली के साथ साथ तमाम विधुत उपकेंद्र इस शहर को देने का काम किया था। लेकिन 25 वर्षों से भाजपा नगरपालिका में, 9 सालों से केन्द्र और 6 साल से प्रदेश में उसकी सरकार है लेकिन वह शहर में ऐसा कोई विकास कार्य नहीं कर पायी जिसका शहर वासी फक्र से जिक्र कर सकें। इसके बावजूद आज नगरपालिका द्वारा शहर की दीवारों पर आई लव यू हमारा गाजीपुर की इबारत लिखी जा रही है, इस शहर की जनता पूछ रही है आखिर भाजपा ने इस शहर में ऐसा कौन सा आकर्षण पैदा कर दिया या ऐसा कौन सा निर्माण करा दिया जिसकी वजह से आई लव यू हमारा गाजीपुर बोला जा सके। उन्होंने कहा कि 25वर्षों में भाजपा इस शहर में एक सामूदायिक केन्द्र का भी निर्माण नहीं करा पायी जहां इस शहर का गरीब अपनी बेटी की शादी का आयोजन कर सकें या किसी राजनीतिक या सामाजिक आयोजन करने की सुविधा मिल सकें।

## शिवपूजन सिंह इण्टर कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत

मरदह (गाजीपुर)। क्षेत्र के केलही गांव स्थित शिवपूजन सिंह इण्टर कॉलेज का यूपी बोर्ड परीक्षाफल हाईस्कूल व इंटरमीडिएट संतोष जनक प्राप्त होने के उपरांत रविवार को विद्यालय परिसर में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। कक्षा हाईस्कूल की छात्रा प्रेमशीला मौर्या ने 570 अंक के साथ 95/ प्रतिशत प्राप्तांक के विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की, इसी क्रम में अंजली यादव ने 561 अंक 93.5.प्रतिशत, संजीव गुप्ता 560 अंक 93.33.प्रतिशत, रोहिणी चौहान 560 अंक 93.33 प्रतिशत,आंचल राजभर 560 अंक 93.33 प्रतिशत, जूली राजभर 560 अंक 93.33 प्रतिशत,स्मिता कुशवाहा 560 अंक 93.33 प्रतिशत,विवेक यादव 559 अंक 93.16 प्रतिशत, खुशी कुशवाहा 559 अंक 93.16 प्रतिशत प्राप्त किया। इसी क्रम में इण्टरमिडिएट की छात्रा साक्षी पाण्डेय ने 442 अंक के साथ 88.4 प्रतिशत, सविता यादव 421 अंक 84.2 प्रतिशत, सोनम यादव 413 अंक 82.6 प्रतिशत, खुशबू यादव 406 अंक 81.2 प्रतिशत, विद्यासागर मौर्य 405 अंक 81.00 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज सिंह छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र के साथ ही पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## भाकपा की पदयात्रा व नुक्कड़ सभा जनसंवाद लगातार जारी

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश 30 अप्रैल को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अभियान के तहत 14 अप्रैल से 14 मई तक चलने वाले पदयात्रा नुक्कड़ सभा जनसंवाद पर्चा बांटते हुए जन सत्याग्रह के कार्यक्रम को जखनियां ब्लाक कमेटी के पदुमपुर ब्रांच के कामरेड रामअवध और फूलमैन के नेतृत्व में धन संग्रह अनाज संग्रह करते हुए भाजपा हटाओ देश बचाओ नारे के साथ 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर गाजीपुर पार्टी कार्यालय पर चलने की अपील किए और आगामी 15 मई को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक लोगों को ले जाने की बात की जहां पर 14 अप्रैल से 14 मई तक के चलने वाले अभियान के समापन का दिन होगा।

# पार्षद प्रत्याशी मनोज यादव ने किया जनसंपर्क

प्रखर वाराणसी। वार्ड नंबर 81 कृतिवाशेश्वर में पार्षद प्रत्याशी मनोज यादव के समर्थन में आज जनसंपर्क हरतीरथ कतुआपुरा , दुल्लीगढई दलहटा विशेश्वरगंज , में घर घर जनसंपर्क किया गया । स्थानीय लोगों ने वार्ड को शहर के पटल पर एक पहचान के रूप में स्थापित करने का संकल्प लेते हुए निर्दल प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाया । पार्षद प्रत्याशी मनोज यादव ने कहा हमारा चुनाव जनता लड़ रही है और जनता जनार्दन का प्यार दुलार पाकर अभिभूत हूं । मुस्लिम क्षेत्र में मानिंद लोगों ने अपना समर्थन देते हुए चुनाव प्रचार की कमान संभाली । मनोज यादव ने कहा ने कहा वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में उतरा हूं । मूलभूत सुविधाओं को हर घर तक पहुंचाना प्राथमिकता है । जनसंपर्क में

प्रमुख रूप से झ डीएवी डिग्री कॉलेज के प्रबंधक अजीत सिंह जी दयानंद देवांशी जी , विनोद यादव बब्बल जी , राहुल मिश्रा , मदन यादव , सदन यादव सतीश यादव , डिंपल जी , हाजी हफुजुदिन्न , हाजी हमीनुदीन ,अजगर अली, अनीसु रहमान उस्ताद , अब्दुल यजीद उर्फ मजनू भाई ,अकबर अली,मोहम्मद भाई , नादिर भाई , बच्चा बाबू, हाजी अमीनुदीन उर्फ मामा ,मुस्ताक नेता , राजू भाई , रहमत अली , मती रहमान, अजगर अली , इस्माइल बाबू , नुरुल हसन , जमील अहमद , अविनाश यादव , बाबू यादव , योगेश देवांशी , राजू यादव , श्यामू पहलवान , दुर्गेश देवंशी , अरविंद यादव , संदीप यादव , रिशु यादव सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र की जनता रही मौजूद।

# खेग्रामस व भाकपा माले ने अमर शहीदों को नमन कर मनाया मजदूर दिवस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर करण्डा में अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा का जिला सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि खेग्रामसं राज्य सचिव कामरेड राजेश साहनी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हर साल 1 मई को देश और दुनिया में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों और श्रमिकों की उपलब्धियों का सम्मान करना और उनके द्वारा किए गए योगदान को याद करना है। इसके साथ ही हमें मजदूरों के हक और हक के लिए आवाज उठानी होगी और शोषण को रोकना होगा। मजदूरों और कामगारों का सम्मान करना होता है, इसलिए मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूर आंदोलन अमेरिका में 1 मई, 1886 को शुरू हुआ था। इस आंदोलन में अमेरिका के मजदूर अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे थे, दरअसल उस वक्त मजदूरों से 15-15 घंटे काम करने को कहा गया था। इस आंदोलन के बीच पुलिस ने मजदूरों पर गोलियां चलाईं, जिसमें मजदूरों की जान चली गई, जबकि 100 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। इस आंदोलन के तीन साल बाद 1889 में अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन की बैठक हुई। जिसमें तय किया गया कि हर मजदूर से सिर्फ 8 घंटे काम लिया जाएगा। इसी सम्मेलन में ही 1 मई

को मजदूर दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा गया साथ ही हर साल 1 मई को अवकाश देने का भी निर्णय लिया गया। अमेरिका में आठ घंटे काम करने वाले कर्मचारियों के नियमन के बाद यह नियम कई देशों में लागू किया गया। भारत में मजदूर दिवस मनाने की शुरूआत 1 मई 1923 को चेन्नई में हुई थी। यह फैसला लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान की अध्यक्षता में लिया गया। इस बैठक को कई संगठनों और सामाजिक दलों का समर्थन मिला। जो मजदूरों पर हो रहे अत्याचार और शोषण के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। आज देश में ग्रामीण मजदूरों की हालत बहुत ही दयनीय है । मोदी सरकार एक एक करके श्रम कानूनों को खत्म करती जा रही है । और काम के घंटे बढ़ती जा रही है । मनरेगा कानून को जटिल बना कर ठण्ढे बस्ते में डाल दिया है । महंगाई ने गरीबों की कमर तोड़ दी है । यह सम्मेलन से चुनी गई कमेटी के नेतृत्व में मजदूरों किसानों की लड़ाई को तेज किया जाएगा। अंत में 37 सदस्यों की कमेटी का चुनाव हुआ । कामरेड नन्दकिशोर बिन्द को जिलाध्यक्ष और राजेश बनवासी को जिला सचिव का चुनाव हुआ । बिजय कुमार, विजय बनवासी, उदयनरायन को जिला उपाध्यक्ष, गोरख राज्य, योगेन्द्र भारती को जिला सहकारी सचिव चुना गया । सम्मेलन को प्रमुख रूप से भाकपा माले जिला सचिव शशिकान्त कुशवाहा, कमलाकर राम, आजाद यादव, शशिकान्त यादव, सतेन्दर प्रजापति, चन्दावती देवी, मंजू गोंड, जगबली राजभर आदि ने सम्बोधित किया ।

# जनपद में शुरू हुआ पानी नहीं, केवल स्तनपान अभियान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। शिशु को छह माह की आयु तक सिर्फ स्तनपान कराने और उसके प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के लिए सोमवार से पानी नहीं केवल स्तनपान अभियान की शुरूआत की गई` बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के तत्वावधान में यह




अभियान 30 जून तक चलाया जाएगा` जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि ह्यपानी नहीं, केवल स्तनपानह्ल अभियान समस्त कन्वर्जन विभागों, जनप्रतिनिधियों, डेवलपमेंट पार्टनर के सहयोग से आयोजित किया जाएगा इसके तहत आंगनबाड़ी व आशा कार्यकताओं को समुदाय में छह माह तक के बच्चों को केवल स्तनपान कराना सुनिश्चित करना है छह महीने तक सिर्फ स्तनपान बच्चे के लिए अमृत के समान होता है बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए आवश्यक है कि जन्म के एक घंटे के अंदर बच्चे को स्तनपान शुरू करा दिया जाए डीपीओ ने कहा कि छह माह की आयु तक केवल स्तनपान बच्चे के जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है लेकिन जागरूकता की कमी के साथ ही समाज में प्रचलित विभिन्न मान्यताओं और मिथकों के कारण छह माह तक बच्चे का केवल स्तनपान सुनिश्चित नहीं हो पाता है` परिवार के सदस्यों की ओर से बच्चे को घुट्टी, शहद, चीनी का घोल और पानी आदि का सेवन करा दिया जाता है इसके चलते बच्चों में कई प्रकार के संक्रमण हो जाते हैं इस दौरान मुख्य सेविका,आंगनबाड़ी कार्यकताओं को बताएं कि छह माह से कम आयु के शिशुओं में माँ के दूध के साथ-साथ पानी पिलाना, केवल स्तनपान कि प्रमुख बाधाओं में से एक है` यह व्यवहार गर्मियों में बढ़ जाता है इसलिए गर्मियों में शिशुओं के लिए केवल स्तनपान सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आयोजित किया जा रहा है जिससे शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार हो सके`उन्होंने बताया कि अभियान के तहत ग्राम स्तरीय रैली का आयोजन, वीएचएसएनडी सत्र पर जन्म से छह माह तक की आयु के शिशुओं की माताओं व अभिभावकों को पानी नहीं केवल स्तनपान का परामर्श दिया जाएगा` आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, एएनएम, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं धात्री माताओं के घर भ्रमण के दौरान स्तनपान का परामर्श देंगी इसके अलावा लाभार्थी बैठकों, सामुदायिक बैठकों, स्वयं सहायता समूह की बैठकों में केवल स्तनपान पर चर्चा की जाएगी।

# रामायण में 'जामवंत' की भूमिका ने मुझे दिलाया नया मुकाम

## रामायण में जामवंत ही नहीं श्रीधर कि ही भूमिका हमने निभाई, विक्रम बेताल और अनगिनत धारावाहिक में राजशेखर ने किया अभिनय

प्रखर भदोही। रामायण सीरियल और उसके किरदार साढ़े तीन दशक बाद भी लोगों के दिलो दिमाग पर छाए हैं। उन्हीं में एक जामवंत की भूमिका निभाने वाले श्रीकांत उर्फ राजशेखर उपाध्याय वे आज भी दो टीवी सीरियल में अपनी भूमिका निभा रहें हैं। लेकिन उन्हें जामवंत के अभिनय से ही ख्याति मिली। हालांकि इस चर्चित सीरियल में काम करने वाले कई अभिनेता दिवंगत हो चले हैं। लेकिन उनकी छवि आज भी लोगों के जेहन में जिंदा है।

देश के सबसे चर्चित धारावाहिक रामायण के जामवंत यानी राजशेखर उपाध्याय ने में प्रभु श्रीराम की सेना में मंत्री की भूमिका निभाई। आपको वह चौपाई याद होगी... जामवंत मंत्री अति बुढ़ा...। इसी भूमिका से वे काफी चर्चित हुए और उन्हें एक अलग पहचन मिली। रामायण के बाद उन्हें जो ख्याति मिली फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। सागर जी उनका बेहद सम्मान करते थे।

राजशेखर उपाध्याय ने विक्रम बेताल धारावाहिक में काम किया।

इस उम्र में भी वह दो सीरियलों में काम कर रहे हैं और उन्हें अच्छी भूमिका और बुलंद आवाज के लिए अभिनय मिलते रहते हैं। सोमवार को मैं उनके पैतृक निवास हरिहर गांव गया। मुंबई से वह गांव आए हैं। उनकी भाभी का देहावसान हो गया है। इतने चर्चित चेहरे के बाद भी गांव से उनका हमेशा लगाव रहता है। घर में होने वाले हर मांगलिक और अन्य कार्यक्रम में वे पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि अभी वह तो टीवी सीरियल में काम कर रहे हैं उसकी शूटिंग चल रही है। जल्दी दोनों सीरियल आपको टीवी पर देखने को मिलेंगे।

अब देश की एक पीढ़ी युवा हो चुकी है। लेकिन वह रामायण सीरियल बारे में लॉकडाउन से

अच्छी तरह परिचित हुईं। रामानंद सागर ने रामायण टीवी सीरियल का निर्माण किया था। 78 कड़ियों में सीरियल का प्रसारण किया दूरदर्शन पर हुआ था। जनवरी 1987 से प्रसारित होकर जुलाई 1988 तक इसका का प्रसारण चला था। टीवी सीरियल के इतिहास में रामायण और महाभारत जैसे सीरियल नहीं बन पाए। लॉकडाउन में रामायण का दोबारा प्रसारण किया गया। पूरी दुनिया में सबसे अधिक रामायण को लोगों ने देखा। रामायण पर तो कई सीरियल बने लेकिन रामानंद सागर ने जो रामायण बनाई वैसा सीरियल कोई नहीं बना पाया।

राजशेखर उपाध्याय ने रामायण में जामवंत की भूमिका निभाई हालांकि उन्होंने श्रीधर कि भी भूमिका निभाई थी। लेकिन जामवंत की भूमिका उनकी सबसे चर्चित रहीं। उनकी दमदार आवाज ने दर्शकों का मन मोह लिया। इतनी उम्र में भी उनकी जो आवाज बेहद शानदार और बुलंद है। उन्होंने अपने बारे में एक बात बतायी कि जब उनकी उम्र जवां थी तब उन्हें अभिनेता बनने का सपना देखा था। यह बात जब वे गांव के लोगों से बताते तो लोग कहते कि तू कभी ऐसा नहीं बन पाएगा। लेकिन जब अभिनेता बन कर वह गांव लौटे तो जिन लोगों ने उन्हें ऐसा कहा था वहीं लोग खुद मुंबई से गांव आने पर स्टेशन पर पहुंच उन्हें कंधे पर बिठाया। उनका व्यक्तित्व बेहद सरल है। यह रामायण की शूटिंग की एक-एक दिलचस्प कहानी बताते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गाजीपुर व्यापार मंडल ने चुनाव को लेकर किया एलान, भाजपा को दिया समर्थन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर निकाय चुनाव में गाजीपुर की आठ नगर निकायों में आगामी 4 मई को वोटिंग होनी है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। चुनाव विशेषज्ञों की माने तो वोटिंग से कुछ दिन पहले ही व्यापार मंडल का यह समर्थन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को मजबूत करने वाला माना जा रहा है। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अबू फखर खान ने विनोद अग्रवाल के साथ मंच साझा करते हुए कहा की पिछले विधानसभा में हमने व्यापारी समाज के प्रत्याशी और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जय किशन साहू को अपना समर्थन दिया था और उन्हें जीत हासिल हुई थी। लेकिन इस बार नगर निकाय चुनाव में चेयरमैन पद के प्रत्याशी और व्यापारी समाज की प्रत्याशी सरिता अग्रवाल को और सभी सभासदों को हमारे संगठन ने जाति, मजहब से उठकर समर्थन दिया है।उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में व्यापारी समाज के बीच के सपा प्रत्याशी को हम लोगों ने जिताने का काम किया था लेकिन उनसे जो उम्मीद थी वह रिजल्ट नहीं मिला ऐसे में हम लोगों ने यह निर्णय लिया है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद गाजीपुर के पूर्व चेयरमैन और भाजपा नेता विनोद अग्रवाल ने पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार की चर्चा करते हुए देश प्रदेश और नगर पालिका क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्य की चर्चा करते हुए बताया, की गाजीपुर नगर पालिका में विकास के ढेर सारे कार्य हुए हैं और आगे भी विकास कार्य रुकेगा नहीं।उन्होंने व्यापारी नेताओं के समर्थन के बाद उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके सुरक्षा और सम्मान की गारंटी भारतीय जनता पार्टी पूरी करेगी।

### बीसी सखी डिजिटल ट्रांजेक्शन कैंप का किया गया आयोजन

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के सिहौली गांव में सोमवार के दोपहर बीसी सखी डिजिटल ट्रांजक्शन कैंप के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कैम्प के माध्यम से डिजिटल ट्रांजैक्शन के बारे में लोगों के समझाया गया। वही डिजिटल से लेनदेन को लेकर भी और बढ़ावा देने के साथ-साथ जानकारी भी दी गई । और लोगों को यह भी जागरूक किया गया कि बीसी सखी डिजिटल ट्रांजक्शन से आप लोगों को बाजार के बैंकों में ना जाकर अब अपने गांव में ही अपने पैसों का लेनदेन आसानी पूर्वक कर सकेंगे । इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपायुक्त (स्वतः रोजगार) ओ.पी.यादव, जिला मिशन प्रबंधक गुलाबचंद सरोज, खंड विकास अधिकारी कृष्ण मोहन यादव, सहायक विकास अधिकारी दयाशंकर पटेल, ब्लॉक मिशन प्रबंधक आशीष आर. प्रकाश, बीसी सखी अनीता यादव, बैंक सखी सुनीता गिरी, ग्राम प्रधान सुभावती देवी तथा गाँव के समस्त नागरिक व समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

### अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर लघु उद्योग भारती ने मजदूरों का किया सम्मान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर औद्योगिक अस्थान चांदपुर वाराणसी में श्रमिको के सम्मान पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे लघु उद्योग भारती काशी प्रांत से जुड़े उद्यमियों ने श्रमिको का सम्मान किया` राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष लघु उद्योग भारती काशी प्रांत ने बताया की आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है आज अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस है कोई भी कारखाना बिना श्रमिको ,मजदूरों के सहयोग के न तो चलता है और न ही तरक्की करता है यह सर्वविदित है की किसी भी देश ब प्रदेश के विकास मे श्रमिको का योगदान अति महत्वपूर्ण है` पूरे वर्ष कारखाने मे ईमानदारी तथा निष्ठा से कार्य करने वाले पूरे वर्ष में उपस्थिति दर्ज करवाने वाले समय से कारखाने में आने वाले मजदूर बंधुओ का आज मजदूर दिवस पर संगठन द्वारा सम्मान अभिनंदन किया गया है जिसमे अंगवस्त्र तथा परिवार के साथ खुशियां मनाने के लिए उपहार देकर समानित किया गया` सम्मानित होने वाले कुल (11) श्रमिको में नागेश्वर प्रसाद ,रामकुमार, रमेश विश्वकर्मा,रवि शंकर,अमरनाथ, कमलेश,पाचू,अवधेश श्रीवास्तव, बसंत पंडित, उमेश विश्वकर्मा, देव नारायण है` उपरोक्त कार्यक्रम मे नयन गुप्ता,दिनेश गुप्ता,रवि गुप्ता,ज्योति शंकर,अरुण सिंह, भारत भूषण, राजकुमार ,मौर्या आदि उद्यमी उपस्थित थे।

### निर्वाचन अयोग से नियुक्त प्रेक्षक जगदीश प्रसाद पहुंचे गाजीपुर

गाजीपुर। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पं0 एवं नगरीय निकाय ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन- 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पादित कराने हेतु राज्य निर्वाचन अयोग, उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, जगदीश प्रसाद, सचिव सूचना आयोग, उ0प्र0, लखनऊ का शनिवार के सायं काल में जनपद गाजीपुर में आगमन हो गया है, जो निरीक्षण गृह, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 सन्निकट पी0जी0 कालेज, गाजीपुर के वी0वी0आई0पी0 कक्ष-1 में प्रवास कर रहें है। प्रेक्षक से मिलने का समय पूर्वान्ह 09.00 बजे से 10.00 बजे तक निर्धारित है।

# होशियार मिनी

एक छोटी लड़की थी जो कि अपनी मां के साथ रहती थीं दोनो मां बेटी अकेली रहती थीं लड़की का नाम मिनी था।लड़की दूसरी कक्षा में पढ़ती थी। वो कहीं भी घूमने नहीं जाती थी।इस बार गर्मी की छुट्टी पड़ी तो सब बच्चे इधर उधर घूमने गए। मिनी भी अपनी मां से कहने लगी मां मैं भी घूमने जाऊंगी मां ने पूछा कहां जाना चाहती हो तो मिनी बोली अपनी नानी के घर तो मां ने कहा अभी तुम छोटी हो अकेले कैसे जाओगी लेकिन मिनी ज़िद पर अड़ी रही तब मां ने कहा ठीक है जो पर मेरी कुछ बातों का ध्यान रखना जो मैं समझा कर भेज रही हूं वो ही करना। मां ने मिनी को रास्ता समझा दिया और इधर उधर मत भटकना रास्ते मे किसी से भी बात नहीं करनी न ही कोई चीज़ तुमको दे तो वो खानी है किसी भी अजनबी के हाथों से नानी के लिए कुछ फूल ले जाना मिनी ने बहुत सुंदर फूल बागीचे से तोड़े और चल दी नानी घर जब वो और मां बात कर रहे थे तो वहीं पास में एक भेड़िया मिनी टोकरी ले कर खुशी खुशी जाने लगी।उनकी बात एक भेड़िया सुन रहा था उसने सोचा इसका नरम नरम मांस खाने को मिलेगा तो कितना मज़ा आएगा।अरें अभी तो ये भीड़ वाले रास्ते पर चल रही हैं मौका देख कर इसका काम तमाम करूंगा। पहले इसके साथ दोस्ती कर ली जाए। मिनी से उसने दोस्ती करने की कोशिश की पर मिनी उसके बहकावे में नहीं आई। उसको समझ नहीं आया क्या करें। उसकी सारी कोशिश नाकामयाब हो रही थीं।मिनी अपनी नानी के घर पहुँच चुकी थी वो और नानी खुशी खुशी मिले।लेकिन शातिर भेड़िया वहां से गया नहीं वही छिपकर बैठा रहा।अगले दिन नानी अपने काम से बाहर निकली तो मिनी को बोला जब मैं इशारा करू तुम दरवाज़ा खोलना।मिनी चुपचाप सुन रही थी समझ भी गईं। नानी अपने काम पर चली गई तभी दुष्ट भेड़िया नानी के जैसे कपड़े पहन कर आता हैं और मिनी को आवाज लगाता है मिनी इशारा देखकर दरवाज़ा खोलती है भेड़िया मन ही मन खुश होता हैलेकिन मिनी उसको पहचान लेती हैं उसको अंदर धकेल कर बाहर से दरवाजा बंद कर देती हैं फिर जब नानी आती हैं तो दोनों जमकर पिटाई करते हैं उसकी वो भाग जाता है ।इस तरह मिनी अपनी सूझ बूझ से खुद को और नानी को बचा लेती हैं।

लघुकथा

# बारिश की बौछार

**मैं** बाजार जाने के लिए निकली ही थी कि बारिश शुरू हो गई। थोड़ी दूर पर ही मैंने अपनी स्कूटी रोक दी और डिक्की से रेन कोट निकालने लगी। तभी अचानक बिजली कड़कने लगी। बारिश और भी तेज हो गई। मैंने रेनकोट वापस डिक्की में डाला और छतरी निकाल कर पास के दुकान में जाकर खड़ी हो गई। मेरे साथ ही वहां आस-पास पसरा लगाकर बेचने वाले लोग भी अपने पसरे पर पालीथीन बिछाकर पास के पक्के छत की दुकानों पर खड़े हो गए पर एक पसरे वाला लड़का अपने पसरे के पास पालीथीन बिछाकर उसे हाथ से दबाए वहीं खड़ा रहा।

मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ कि इतनी तेज बारिश में भी वह लड़का टस से मस नहीं हुआ। मुझसे रहा नहीं गया। मैं छतरी थामे उसके उसके पास पहुंची और कहा- अरे भई, इतनी बारिश में तुम यहां क्यों खड़े हो? देखो सभी पसरी वाले अपने सामान पर पालीथीन डालकर सूखे स्थान पर खड़े हैं। तुम भी चले जाओ।

उसने कहा, 'हां मेमसाहब, उनका सामान पालीथीन में सुरक्षित रहेगा पर मैं इसे छोड़कर चला गया तो मुसीबत आ जायेगी।'

मैंने कहा, बेटे, इतनी बारिश में खड़े रहोगे तो तुम बीमार पड़ जाओगे।

उसने हंसते हुए कहा, 'मेमसाहब, मैं बीमार पड़ भी जाऊं तो एक रुपए की बुखार की गोली से ठीक हो जाऊंगा। हमारी तो रोज की आदत है पर यह सामान खराब हो जायेगा तो महीने भर हमें भूखे रहना पड़ेगा फिर मां की दवाई भी तो इसी से लानी है ।'

मैंने उसे कहा, चलो ठीक है। तुम यह छतरी रख लो मेरे पास रेन कोट है। अच्छा ये बताओ। आखिर इस पसरी में तुम क्या बेचते हो जो इतना मूल्यवान है?

उसने मुस्कुराते हुये कहा, 'मेमसाहब, इसमें मेरी मां के हाथों का बना हुआ मुरकु और सेवईयां हैं जिसे उन्होंने बड़ी मेहनत से बनाया है। आप ही बताइये भला मैं अपनी मां की मेहनत पर कैसे पानी फेर सकता हूं।' यह कहते हुए उसने छतरी अपनी पसरी पर तान लिया।

➻ डॉ. शैल चन्द्रा
रावण भाठा, नगरी
जिला-धमतरी, छत्तीसगढ़
पिन-493778

## एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नॉर्गे ने 29 मई को फतह किया था एवरेस्ट

देश और दुनिया के इतिहास में 29 मई का दिन कई वजहों से खास है। दरअसल 29 मई, 1953 के दिन दो लोगों ने वह कारनामा कर दिया जो अब तक सपना ही बना हुआ था। एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नॉर्गे ने इस दिन एवरेस्ट की ऊंची चोटियों पर फतह हासिल कर ली थी। ऐसा करने वाले वह पहले इंसान थे। हिलेरी को इस सफलता के लिए ब्रिटेन की महारानी ने नाइट की उपाधि दी थी। देश-दुनिया के इतिहास में 29 मई का दिन कई और घटनाओं के लिए भी दर्ज है। इन घटनाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा इस प्रकार है :

1922 : एक्वाडोर को आजादी मिली।
1970 : सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1972 : मशहूर रंगकर्मी और भारतीय सिनेमा के प्रमुख हस्ताक्षर पृथ्वी राजकपूर का निधन हो गया।
1985 : यूरोपीय फुटबॉल कप के दौरान दो टीमों के प्रशंसकों के बीच हुई झड़प में 39 लोगों की मौत हो गई।
1987 : भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का निधन।
1988 : पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया उल हक ने सरकार को बर्खास्त कर संसद को भंग किया।
1990 : दक्षिणी अमेरिकी देश पेरू में भीषण भूकंप आया।
1999 : नाइजीरिया में नई सत्ता व्यवस्था स्थापित की गई।
2007 :जापान की रियो मोरी मिस यूनिवर्स बनी।
2015 : भारत के तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप, 1800 की मौत।

# गर्म पेय से जीभ जल गई है तो तुरंत करें ये उपाय

**चाय** या कॉफी की चुस्कियों का वास्तविक स्वाद तभी आता है, जब उसे गरमा-गरम पिया जाए। लेकिन कभी-कभी जब आप जल्दी में कोई गरम चीज पी लेते हैं तो आपकी जीभ जल जाती है, जिससे आपको काफी जलन का अहसास होता है। अगर आपने भी कभी इस स्थिति का सामना किया है तो आप कुछ बेहद आसान उपायों की मदद से अपनी जली हुई जीभ को आराम दे सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इन उपायों के बारे में-

### सांस लें मुंह से

जीभ के जलने पर आप यह तरीका भी अपना सकते हैं। जैसे ही आप कुछ गर्म खाएं या पीएं और आपकी जीभ जल जाए तो आप तुरंत उसे थूक कर अपनी जीभ को बाहर निकालें और मुंह से सांस लें। ऐसा करने से ठंडी हवा आपकी जीभ पर लगेगी और आपको ठंडक का अहसास होगा। यह दर्द व जलन को शांत करने का एक बेहद आसान और कारगर तरीका है।

### ठंडा पानी

अगर आपको अपनी जीभ पर हल्की जलन का अहसास हो रहा है तो इससे छुटकारा पाने का एक सबसे आसान उपाय है कि आप तुरंत एक गिलास ठंडा पानी पीएं। इससे आपको जीभ में होने वाली



जीभ के जलने पर आप यह तरीका भी अपना सकते हैं। जैसे ही आप कुछ गर्म खाएं या पीएं और आपकी जीभ जल जाए तो आप तुरंत उसे थूक कर अपनी जीभ को बाहर निकालें और मुंह से सांस लें। ऐसा करने से ठंडी हवा आपकी जीभ पर लगेगी और आपको ठंडक का अहसास होगा। यह दर्द व जलन को शांत करने का एक बेहद आसान और कारगर तरीका है।

जलन से आराम मिलेगा। वैसे आप चाहें तो ठंडे पानी के स्थान पर कुछ भी ठंडा जैसे बर्फ, आईसक्रीम या ठंडा जूस आदि का सेवन भी कर सकते हैं। यह ठंडी चीजें आपको सूदिंग इफेक्ट देती हैं। इसके अतिरिक्त आप कुछ दिनों तक गर्म खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों से दूर रहें।

### नमक के पानी का इस्तेमाल

ठंडा पानी पीने के बाद जब आपकी जीभ का तापमान सामान्य हो जाए तो आप हल्के गुनगुने पानी में एक चम्मच नमक डालकर उससे कुल्ला करें। इससे भी आपको बाद में होने वाली जीभ में जलन से आराम मिलेगा। दरअसल, नमक एक प्राकृतिक एंटीसेप्टिक है जो सूजन और दर्द को कम करता है। इससे आपको जलन का अहसास काफी कम होगा।

### चीनी है कारगर

चीनी को एक प्राकृतिक पेन रिलीवर के रूप में जाना जाता है। जीभ के जलने पर आप कुछ दाने चीनी के अपनी जीभ पर रखें और अपने आप घुलने दें। इससे आपको जलन में काफी राहत मिलेगी। आप चाहें तो चीनी के स्थान पर दही का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। शहद में मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण जलन को शांत करने के साथ-साथ हीलिंग प्रोसेस को भी तेज करते हैं।

### ऐलोवेरा आएगा काम

ऐलोवेरा का इस्तेमाल आपने यूं तो कई तरह से किया होगा, लेकिन यह जीभ के जलने पर भी उसे हील करने में काफी काम आता है। साथ ही इसके कारण आपको दर्द व सूजन में काफी आराम मिलता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप एलोवेरा के पत्ते को तोड़कर उसका फ्रेश जेल निकालें और उसे अपनी जीभ पर लगाएं। आप इस प्रक्रिया को दिन में कई बार दोहराएं। इसके अतिरिक्त आप एलोवेरा जेल को आईस ट्रे में रखकर फ्रीजर में रख दें और इस आईस क्यूब को कई बार अपनी जीभ पर रखें। इससे आपको काफी ठंडक का अहसास होगा।

# दादी-नानी करती हैं बच्चों को प्यार, देती हैं उन्हें जीवन की बड़ी सीख

➻ आँचल शर्मा

**दादी** अम्मा-दादी अम्मा मान जाओ, गाने की धुन बच्चों को बहुत पसंद आती है। मां के बाद बच्चों को नानी या दादी से बहुत लगाव होता है। दादी-नानी ममता, प्यार की देवी होती है। संस्कार और संस्कृति से जोड़ती हैं। बच्चों के संतुलित विकास में ग्रैंडपैरेंट्स की भूमिका जरूरी है। बच्चा अपने संस्कार जाने इसके लिए दोनों पीढ़ियों का साथ में रहना आवश्यक है। कामकाजी मांओं के लिए दादी-नानी का परिवार में साथ होना वरदान होता है। लेकिन जब हालात ऐसे हों कि मां ना हो तो तब दादी-नानी की जिम्मेदारियां और दायित्व बढ़ जाते हैं।

### पालने में परेशानी

कभी-कभी ऐसे हालात होते हैं कि माएं अपने बच्चों को छोड़ दुनिया को अलविदा कह देती हैं। ऐसी विकट परिस्थिति में मां के न रहने पर दादी-नानी जब बच्चों को पालती हैं तो कई तरह की परेशानियां आती है। अगर बुजुर्ग दादी-नानी विधवा हैं तो यह परेशानी दुगुनी हो जाती है। बुजुर्ग महिलाओं को जिन्होंने अपने जीवन में घर की चारदीवारी लांघ कर काम नहीं किया है बुढ़ापे में पैसे कमाना और भी मुश्किल होता है। ऐसी हालत में पैसों की परेशानी इन मुश्किलों को और भी बढ़ा देती है। साथ ही सेहत से जुड़ी परेशानियां भी कुछ कम नहीं होती है। हड्डियों का दर्द हो या दिल की बीमारी बुजुर्ग महिलाओं को अधिक काम करने में समस्या उत्पन्न करते हैं। यही नहीं बच्चों को पालने जैसी जिम्मेदारियां मानसिक तनाव भी पैदा करती हैं। इसके अलावा समाज से अलगाव, परिवार के मुद्दे, पढ़ाई में मुश्किल भी ऐसी परेशानियां हैं जिनका समाधान कठिन है। दादी-नानी बच्चों को प्यार तो देती ही हैं लेकिन वह अनुशासन भी सीखती हैं।

### नाती-पोतों को पालते समय ग्रैंडपैरेंट्स बरतें सावधानियां

अपने नाती-पोतों को पालन कोई आसान काम नहीं है। छोटे बच्चों को पालने में दादी-नानी कुछ खास तरह की नियमों का पालन कर सकती हैं। बच्चों को अधिक उपदेश न दें बल्कि उनके साथ दोस्ताना बर्ताव करें। बच्चे अपनी मां की तुलना में दादी-नानी से अधिक लगाव महसूस करते हैं, ऐसे में उन्हें सही-गलत बातों में फर्क बताएं। जीवन में अनुशासन की भूमिका समझाएं। बच्चों के ऊपर अपने विचारों को न थोपें। उनके सामने आदर्श बनें लेकिन व्यावहारिकता से दूर न करें। उनके साथ उनकी उम्र का बनकर परवरिश करें।

### जनरेशन गैप करें कम

बच्चे अपने दादी-नानी से उनका अमूल्य अनुभव लेते हैं। नाती-पोते ग्रैंडपैरेंट्स से रीति-रिवाज और संस्कृति सीखते हैं। लेकिन सब कुछ सीखने के बावजूद दादी-नानी और बच्चों के बीच जनरेशन गैप भी एक बहुत बड़ी चुनौती होती है। अगर यह जनरेशन गैप खत्म न हो तो बच्चों और ग्रैंडपैरेंट्स के बीच दूरी बन जाती है जो दोनों के बीच रिश्तों की मजबूती को कम करती हैं। इस गैप को कम करने के लिए दादी-नानी बहुत से उपाय अपना सकती हैं। सबसे पहले कोशिश कर के तकनीकी गैप को कम करें। आजकल बच्चों की पसंदीदा चीजें जैसे फेसबुक, स्काइपी का इस्तेमाल भी सीखें। इससे बच्चे आपके अधिक करीब आएंगे। बच्चों के संगीत के प्रति सहनशील हों और उन्हें पसंद करें। साथ ही अपनी सामाजिक सहनशीलता को भी बढ़ाएं। इसके अलावा दिखावे को भी बढ़ावा न दें।

कभी-कभी ऐसे हालात होते हैं कि माएं अपने बच्चों को छोड़ दुनिया को अलविदा कह देती हैं। ऐसी विकट परिस्थिति में मां के न रहने पर दादी-नानी जब बच्चों को पालती हैं तो कई तरह की परेशानियां आती है। अगर बुजुर्ग दादी-नानी विधवा हैं तो यह परेशानी दुगुनी हो जाती है। बुजुर्ग महिलाओं को जिन्होंने अपने जीवन में घर की चारदीवारी लांघ कर काम नहीं किया है बुढ़ापे में पैसे कमाना और भी मुश्किल होता है। ऐसी हालत में पैसों की परेशानी इन मुश्किलों को और भी बढ़ा देती है।

# नेलांग घाटीः खूबसूरती देखने के लिए दूर-दूर से आते हैं लोग

**उत्तरकाशी** जिले में स्थित नेलांग घाटी बेहद मनोरम और सुंदर है। इसकी खूबसूरती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस जगह के प्रेमी विदेशी भी हैं। इस जगह की कई और ख़ासियत हैं, जिन्हें जान कर आप भी यहां घूमना पसंद करेंगे। नेलांग घाटी की ऊंचाई समुद्र तट से 11,000 फीट ऊंची है, इस वजह से यहां साल भर बर्फ को देखा जा सकता है। 1962 में भारत-चीन के बीच लड़ाई के बाद घाटी को हमेशा के लिए पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया था। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 52 साल बाद नेलांग घाटी को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। नेलांग घाटी ना सिर्फ सुंदर जगह है बल्कि भारत-चीन के बीच बहुत बड़ा व्यापारिक रास्ता हुआ करता था। पर्यटकों के अनुसार इसकी घाटी रोमांच पैदा करने वाली है इस घाटी की खूबसूरती को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां आने के बाद पर्यटकों को नेलांग घाटी में बना वुडेन ब्रिज देखने को मिल सकता है। इस ब्रिज की सबसे ख़ास बात है कि यह कभी भारत-तिब्बत के बीच व्यापार का केंद्र रहा था। पहाड़ी पेड़ों के अलावा यहां हिम तेंदुआ और हिमालयन ब्लू शीप देखने को मिल जाते हैं। पर्यटकों का कहना है कि घाटी को देख कर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो यह तिब्बत का ही प्रतिरूप हो। कई पर्यटकों का मानना है कि यह जगह लद्दाख से भी बेहतर है। भारत में कई ऐसी जगह हैं जो पर्यटन के लिए बहुत ही उपयुक्त हैं। तेलांग घाटी उन्हीं जगहों में से एक है। 17वीं शताब्दी में पेशावर के पठानों ने समुद्रतल से 11 हजार फीट की ऊंचाई पर उत्तरकाशी जिले की नेलांग घाटी में हिमालय की खड़ी पहाड़ी को काटकर दुनिया का सबसे खतरनाक रास्ता तैयार किया था। पांच सौ मीटर लंबा लकड़ी से तैयार यह सीढ़ीनुमा मार्ग (गर्तांगली) भारत-तिब्बत व्यापार का साक्षी रहा है। सन् 1962 से पूर्व भारत-तिब्बत के व्यापारी याक, घोड़ा-खच्चर व भेड़-बकरियों पर सामान लादकर इसी रास्ते से आवागमन करते थे। भारत-चीन युद्ध के बाद दस वर्षों तक सेना ने भी इस मार्ग का उपयोग किया। लेकिन, पिछले 40 वर्षों से गर्तांगली का उपयोग और रखरखाव न होने के कारण इसका अस्तित्व मिटने जा रहा है। उत्तरकाशी जिले की नेलांग घाटी चीन सीमा से लगी है। सीमा पर भारत की सुमला, मंडी, नीला पानी, त्रिपानी, पीडीए व जादूंग अंतिम चौकियां हैं। सामरिक दृष्टि से संवेदनशील होने के कारण इस क्षेत्र को इनर लाइन क्षेत्र घोषित किया गया है। यहां कदम-कदम पर सेना की कड़ी चौकसी है और बिना अनुमति के जाने पर रोक है। लेकिन, एक समय ऐसा भी था, जब नेलांग घाटी भारत-तिब्बत के व्यापारियों से गुलजार रहा करती थी। दोरजी (तिब्बत के व्यापारी) ऊन, चमड़े से बने वस्त्र व नमक को लेकर सुमला, मंडी, नेलांग की गर्तांगली होते हुए उत्तरकाशी पहुंचते थे। तब उत्तरकाशी में हाट लगा करती थी। इसी कारण उत्तरकाशी को बाड़ाहाट (बड़ा बाजार) भी कहा जाता है। सामान बेचने के बाद दोरजी यहां से तेल, मसाले, दालें, गुड़, तंबाकू आदि वस्तुओं को लेकर लौटते थे। ✳✳✳



# बारिश के चलते आम की कीमतें घटीं

## मंडी में आवक के साथ-साथ मांग में भी गिरावट

**भोपाल ।** बारिश के चलते राजधानी भोपाल में फलों के राजा आम की कीमतों में गिरावट आई है। स्थानीय फल और सब्जी मंडी करोंद में बारिश से आम की आवक भी प्रभावित हुई है। साथ ही आम की लोकल मांग में भी गिरावट आई है। मंडी इंस्पेक्टर असलम भाई ने बताया कि वर्तमान में मंडी में बादमी आम की आवक है। चार दिन पहले तक जो आम क्वालिटी अनुसार 250 रुपए से 500 रुपए तक प्रति पेटी थोक में मिलता था, वह बेमौसम बारिश के चलते घटकर 200 रुपए से 400 रुपए पर आ गया है। एक पेटी में 10 किलो आम आता है। इस प्रकार रविवार को स्थानीय मंडी में आम की कीमत थोक में क्वालिटी अनुसार प्रति किलो 20 रुपए से 40 रुपए किलोग्राम रुपए रही। उन्होंने बताया कि मंडी में आम की आवक भी बारिश के चलते प्रभावित हुई है। पहले जहां मंडी में आम की आवक 10 से 15 ट्रक थी वहीं अब घटकर छह से आठ ट्रक रह गई है। एक ट्रक में 100 से 200 क्विंटल आम रहता है। इन दिनों मंडी में वारंगल, उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश से आम मंडी में आ रहा है। आने वाले दिनों दशहरी लंगड़ा, चौसा आम मंडी में आने लगेंगे। मंडी में 10 से 15 ट्रक आम हर दिन बिक जाता था, लेकिन बारिश के चलते आम की बिक्री भी प्रभावित हुई है, जिससे खपत घटी है। वर्तमान में खपत गिरकर छह से आठ ट्रक रह गई है। उन्होंने बताया कि बारिश के चलते आम जल्द खराब हो जाता है। जिससे मंडी में आम के भाव में गिरावट देखी जा रही है। बरसात से आम जल जाता है। बारिश ऐसी होती रही तो बिक्री के साथ-साथ आने वाले दिनों में आम के भाव में और मंदी आएगी।

### मंडी से सरकार को प्रति दिन 1.5 लाख रुपए तक मिलता है टैक्स

सब्जी मंडी करोंद से सरकार को प्रति दिन लगभग एक से डेढ़ लाख रुपए तक टैक्स के रूप में आता है। इसमें इन दिनों मात्र आम से 20 से 25 हजार रुपए का मंडी टैक्स मिल रहा है। हालाकि पिछले दो दिनों से जारी बारिश के चलते मंडी टैक्स में गिरावट दर्ज की गई है।

### बेमौसम बारिश से आम की फसल को 35 फीसदी नुकसान

बेमौसम हुई तेज बारिश से उत्तर प्रदेश में आम की फसल लगभग 35 फीसदी तक खराब हो गई है। इससे इस बार प्रदेश में आम का उत्पादन आधा रह जाने की आशंका है। उत्तर प्रदेश के फल पट्टी क्षेत्र मलिहाबाद-काकोरी के बागवानों के मुताबिक इस बार आम की कीमत आने वाले दिनों में बढ़ सकती है7 सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ सब ट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर सीआईएसएच का अनुमान प्रदेश भर में इस बार 25 फीसदी तो मलिहाबाद में 35 फीसदी तक आम के फसल के खराब हो जाने का है। वैज्ञानिकों का कहना है फल पट्टी क्षेत्र मलिहाबाद-काकोरी में ओला, तेज बारिश व आंधी ने भी काफी नुकसान किया है। इस बार आम के आठ प्रमुख उत्पादक जिलों में नुकसान का जायजा लेने के लिए बनाई गई टीम ने भी सबसे ज्यादा 35 फीसदी नुकसान लखनऊ में तो बाकी जगहों पर करीब 20 से 25 फीसदी का अनुमान लगाया है। प्रदेश में एक अनुमान के मुताबिक 27 लाख हेक्टेयर आम के बागान हैं और सामान्य सीजन में 45 लाख टन की पैदावार होती है। लखनऊ के अलावा वाराणसी, सीतापुर, बाराबंकी, बिजनौर, सहारनपुर, बुलंदशहर, शामली, कुशीनगर, गोरखपुरए चंदौली, बागपत, मुजफ्फरनगर सहित दो दर्जन जिलों में आम की अच्छी पैदावार होती है।

# टीना काश्यप दूसरी बार प.रेलवे की जोनल समिति में नामित

**मुंबई।** रेल मंत्रालय द्वारा पश्चिम रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति जेडआरयूसीसी में लगातार दूसरी बार विशेष नामित सदस्य के रूप में सुश्री टीना काश्यप का मनोनयन किया गया है। टीना काश्यप मूलतः रतलाम की निवासी है और पिछले कई वर्षों से देश के प्रमुख मीडिया ग्रुप से जुड़ी हुई है और मुम्बई में उच्च पद पर कार्यरत है। सुश्री काश्यप के पिताजी जगदीश काश्यप पश्चिम रेलवे के राजधानी लोको पायलट के पद से सेवा निवृत्त हुए है। रेलवे की क्षेत्रीय रेल सलाहकार समिति के अंतर्गत रेलवे की क्षेत्रीय रेल विकास, यात्री सुख-सुविधाओं और रेल सेवाओं के सम्पूर्ण कार्यो का निष्पादन किया जाता है, जिससे रेल यात्रीयों को और अधिक बेहतर और सुविधाजनक रेल-सुविधाएं प्रदान की जा सकें और रेल के इन्फ्रास्ट्रक्चर को और अधिक सुदृढ़ और सुशोभित बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की जा सके। सुश्री टीना काश्यप के मनोनयन पर उनके इष्ट मित्रों, परिजनों न बधाई दी है और हर्ष व्यक्त किया हैं।

# पश्चिम रेलवे उधना एवं बरौनी के बीच चलाएगी स्पेशल ट्रेन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी मांग को पूरा करने के लिए उधना एवं बरौनी जंक्शन स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग के अनुसार, ट्रेन संख्या 09033 उधना-बरौनी जंक्शन स्पेशल प्रत्येक सोमवार और बुधवार को उधना से 20.35 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन अर्थात बुधवार और शुक्रवार को 03.00 बजे बरौनी जंक्शन पहुंचेगी। यह ट्रेन तीन मई से 31 मई तक चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09034 बरौनी जंक्शन-उधना स्पेशल प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को बरौनी जंक्शन से 09.25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 19.00 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 5 मई से 2 जून तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, माणिकपुर जंक्शनए प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और पटना स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09033 की बुकिंग 2 मई से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी।

# कलेक्टरी छोड़ खड़ी की 15000 करोड़ रुपए की कंपनी

## सक्सेस स्टोरी : अनएकेडमी के मुखिया रोमन सैनी

- 16 की उम्र में एम्स परीक्षा पास
- 21 साल में बने डाक्टर
- 22 की उम्र में बने आईएएस
- 24 साल में कोचिंग देने की शुरुआत

**नई दिल्ली ।** कहते हैं जहां चाह, वहां राह। नीयत यदि अच्छी हो तो किस्मत साथ देती है। कुछ यही बात अनएकेडमी के मुखिया रोमन सैनी पर लागू होती है। जिन्होंने डाक्टरी छोड़ आईएएस बने, लेकिन जब वहां भी मन नहीं लगा तो कलेक्टरी छोड़कर 15000 करोड़ रुपए की कंपनी खड़ा कर एक सफल कारोबारी बन गए। अनएकेडमी के मुखिया रोमन सैनी ने एक-दो नहीं, बल्कि तीन-तीन मुश्किल लक्ष्य को हासिल करके साबित कर दिया कि अगर आप कोशिश करें तो हर चीज संभव है।

रोमन सैनी देखने में जितने साधारण है प्रतिभा के मामले में उतने ही विलक्षण हैं। राजस्थान के रहने वाले रोमन सैनी ने केवल 16 साल की उम्र में एम्स जैसी मुश्किल परीक्षा पास की। रोमन ने एम्स मेडिकल परीक्षा पास कर 21 साल में डॉक्टर की डिग्री हासिल कर ली। डॉक्टरी डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने एम्स के एनडीडीटीसी में काम शुरू कर दिया। एम्स जैसे बड़े अस्पताल में डॉक्टर बनने के बाद भी रोमन ने नौकरी छोड़ दी। उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी और एक साल की मेहनत के बाद ही उन्होंने आईएएस की परीक्षा क्लियर कर ली। 22 साल की उम्र में आईएएस की परीक्षा पास करके वो आईएएस ऑफिसर बन गये। हालांकि वो यहां भी रुकने वाले नहीं थे। देश की कठिन परीक्षा पास करने के बाद आईएएस पद हासिल करने के बाद भी उन्होंने एक साल आठ महीने तक सहायक कलेक्टर के तौर पर काम करने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

**असली प्रॉब्लम हमारे एज्युकेशन सिस्टम में :** आईएएस अधिकारी बनने के बाद रोमन सैनी के मन में एजुकेशन सिस्टम को लेकर बार-बार सवाल उठ रहे थे। उसे समझ में आ गया कि असली प्रॉब्लम हमारे एज्युकेशन सिस्टम में है। इसे वो खत्म करना चाहते थे। अपने दो दोस्तों गौरव मुंजाल और हेमेश सिंह के साथ मिलकर नया स्टार्टअप शुरू किया। रोमन सैनी ने बेंगलुरु में अनएकेडमी स्टार्टअप की शुरुआत की। उन्होंने इस स्टार्टअप की शुरुआत यूपीएससी कोचिंग के लिए छात्रों को एक प्लेटफॉर्म देने के लिए अनएकेडमी की शुरुआत की।

**अनएकडेमी को बनाया 15000 करोड़ रुपए की कंपनी :** रोमन का मकसद था कि लोगों को कोचिंग पर लाखों रुपए खर्च करने की जरूरत नहीं पड़े। कुछ ही सालों में उन्होंने एड टेक प्लेटफॉर्म अनएकडेमी को 15000 करोड़ की कंपनी बना दिया। कंपनी सालाना टर्न ओवर 15000 करोड़ रुपए को पार कर चुका है। जिस प्लेटफॉर्म की शुरुआत उन्होंने यूपीएससी की तैयारी के लिए किया था, धीरे-धीरे इसे मेडिकल, इंजीनियरिंग और स्कूल एजुकेशन तक बढ़ा दिया। अनएकेडमी के को फाउंडर रोमन सैनी ने एजुकेशन के सेक्टर में बड़ी क्रांति ला दी।

**पैसों का मोह नहीं :** रोमन ने कभी पैसों का लालच नहीं किया। जहां गौरव मुंजल अनएकेडमी के सीईओ के तौर पर 1.58 करोड़ रुपए की सैलरी लेते है। वहीं हेमेश सिंह की सैलरी 1.19 करोड़ रुपए है। इन सब की तुलना में काफी कम है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022 में रोमन की सैलरी 88 लाख रुपए थी।

# विलंब से चल रहीं सड़कों की 402 परियोजनाएं

## सरकारी खजाने को 20 हजार करोड़ रुपए का नुकसान

**नई दिल्ली।** डिपार्टमेंट सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के अनुसार, सबसे ज्यादा 402 परियोजनाएं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र की हैं, जिनका काम धीमा चल रहा है। रकम के हिसाब से बात करें तो सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र की परियोजनाओं की देरी से सरकारी खजाने के ऊपर 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का बोझ बढ़ा है। इसके बाद रेलवे की 115 और पेट्रोलियम क्षेत्र की 86 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। यह रिपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोजेक्ट्स मॉनिटरिंग डिपार्टमेंट ने जारी की है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय का काम 150 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं की निगरानी करना है। इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं की स्थिति पर मार्च की जारी रिपोर्ट के अनुसार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र में 749 में से 402 परियोजनाओं में देरी हो रही है। वहीं रेलवे की 173 में से 115 परियोजनाएं अपने समय से पीछे चल रही हैं। पेट्रोलियम क्षेत्र की 145 में से 86 परियोजनाएं अपने निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं। मार्च महीने की रिपोर्ट में 150 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली 1449 परियोजनाओं का हिसाब-किताब है। मुनीराबाद.-हबूबनगर रेल परियोजना सबसे अधिक देरी वाली परियोजना है। यह अपने निर्धारित समय से 276 महीने पीछे है। दूसरी सबसे देरी वाली परियोजना उधमपुर-श्रीनगर-बारापूला रेल परियोजना है। इसमें 247 माह का विलंब हो चुका है। इसके अलावा बेलापुर-सीवुड शहरी विद्युतीकरण दोहरी लाइन परियोजना अपने निर्धारित समय से 228 महीने पीछे है। विभिन्न विभागों की सैकड़ों सरकारी परियोजनाएं अपने तय समय से देर हो चुकी हैं और इस कारण उनकी लागत में हजारों करोड़ रुपए का इजाफा हो चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, 821 परियोजनाएं अपने मूल समय से पीछे हैं, जबकि 354 परियोजनाएं ऐसी हैं जिनकी लागत बढ़ चुकी है। 247 परियोजनाएं देरी से भी चल रही हैं और इनकी लागत भी बढ़ी है। 165 परियोजनाएं ऐसी हैं, जिनमें पिछले एक महीने के दौरान और देरी हुई है। इन 165 परियोजनाओं में से 52 परियोजनाएं बड़ी है। 1000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं को इस श्रेणी में रखा जाता है।

### इतनी बढ़ी है देरी से लागत

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि 749 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 432893.85 करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़कर 451168.46 करोड़ रुपए पर पहुंच सकती है। इस तरह इन परियोजनाओं की लागत 4.2 फीसदी बढ़ी है। इसी तरह रेलवे क्षेत्र में 173 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 372761.45 करोड़ रुपए थी, जिसे बाद में संशोधित कर 627160.59 करोड़ रुपए कर दिया गया। इस तरह इनकी लागत में 68.2 फीसदी की वृद्धि हुई है।

# बीमा कर्मचारियों के लिए तय होंगे सोशल मीडिया के नियम

## इरडा ने दिया बीमा कंपनियों को निर्देश

**नई दिल्ली।** भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण इरडा ने बीमा कंपनियों से अपने कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया दिशानिर्देश तय करने को कहा है। बीमा नियामक ने यह सुनिश्चित करने को कहा है कि इन मंचों के जरिये संगठन से संबंधित कोई भी गैर-प्रमाणित या गोपनीय जानकारी लोगों तक नहीं पहुंचाई जाए।

इरडा ने कहा कि किसी संगठन की प्रतिष्ठा उसके कर्मचारियों के व्यवहार से काफी हद तक जुड़ी हुई है और सोशल मीडिया का इस्तेमाल इस तरह किया जाना चाहिए, जिससे संगठन के व्यवसाय में मूल्यवर्धन हो। इस संबंध में इरडा ने सभी बीमा कंपनियों को सूचना और साइबर सुरक्षा दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसमें सोशल मीडिया के स्वीकार्य उपयोग पर एक विशेष खंड है, जिसमें कहा गया है कि कर्मचारियों को किसी भी ब्लॉग चैट मंच चर्चा मंच मैसेंजर साइट सोशल नेटवर्किंग साइट पर किसी भी अपुष्ट या गोपनीय सूचना को साझा करने से बचना चाहिए। इरडा ने यह भी कहा कि इंटरनेट पर व्यक्तिगत पोस्ट में करते समय व्यक्तियों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि ये उनके विचार हैं और संगठन के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

### निर्यात लक्ष्य पूर्ण करने खाका तैयार करें : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने निर्यात संवर्धन परिषदों से चालू वित्त वर्ष के निर्यात लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में काम करने और इसका विस्तृत खाका तैयार करने के लिए कहा है। निर्यातकों के अनुसार, देश के निर्यात संबंधी मुद्दों पर 24 अप्रैल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में चर्चा की गई। देश का माल एवं सेवा निर्यात बीते वित्त वर्ष में संयुक्त रूप से 770 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वस्तुओं का निर्यात 447 अरब डॉलर और सेवा निर्यात लगभग 322 अरब डॉलर रहा है। एक निर्यातक ने कहा, मंत्रालय ने हमें चालू वित्त वर्ष के लिए नए निर्यात लक्ष्यों पर काम करने और इन्हें प्राप्त करने के तरीके बताने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में इस पर जोर दिया गया कि राज्यों और विदेशों में भारतीय दूतावास नए लक्ष्य को पाने की दिशा में काम करेंगे। निर्यात में भारत के कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रमुख क्रेता-विक्रेता बैठक आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। निर्यात बढ़ाने में लातिनी अमेरिका और अफ्रीकी देशों में भारी संभावनाएं हैं। बैठक में भाग लेने वाले परिधान निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गोयनका ने कहा कि हालांकि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच चालू वित्त वर्ष में इस क्षेत्र में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। निर्यातकों के अनुसार, अमेरिका सहित प्रमुख वैश्विक बाजारों में घरेलू उत्पादों की अच्छी मांग और व्यापार समझौते से लाभ के कारण इस वित्त वर्ष में देश का वस्तुओं का निर्यात 500 अरब डॉलर के पार जाने की उम्मीद है।

### कई स्रोतों से चिप खरीदने का हो रहा प्रयास

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया हालांकि कई स्रोतों से इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जे खरीदने का प्रयास कर रही है लेकिन आपूर्ति पक्ष की चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। सेमीकंडक्टर की कमी के कारण पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को लगभग 1.7 लाख इकाई के उत्पादन का नुकसान हुआ था। कंपनी अपनी कारों में कुछ प्रकार की चिप के इस्तेमाल को कम करने का भी प्रयास कर रही है। मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी कॉरपोरेट मामले राहुल भारती ने विश्लेषक कॉल में कहा, चिप की कमी एक वैश्विक समस्या है। यह विभिन्न मॉडल, विभिन्न कंपनियों, अलग-अलग मॉड्यूल को भिन्न तरीके से प्रभावित कर रही है। हमारे सभी प्रयास कई स्रोतों से आपूर्ति को व्यवस्थित करने पर हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी कुछ मॉडल ट्रिम्स में चिप की जरूरत को कम करने का प्रयास कर रही है।

### क्वालकॉम में हो सकती है छंटनी

**नई दिल्ली।** चिप बनाने वाली मल्टीनेशनल कंपनी क्वालकॉम आने वाले दिनों में छंटनी का ऐलान कर सकती है। सूत्रों के हवाले से मिली खबर के मुताबिक कंपनी तीन मई को छंटनी से जुड़ा ऐलान कर सकती है। क्वालकॉम 3 मई को अपना तिमाही परिणाम जारी करने वाली है। कंपनी मार्च तिमाही के परिणाम के साथ-साथ अपने कर्मचारियों की छंटनी करने की जानकारी भी सार्वजनिक कर सकती है। बताया जा रहा है कि क्वालकॉम अपने पांच फीसदी कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा सकती है। मामले से जुड़े सूत्रों का यह भी दावा है कि प्रस्तावित छंटनी की सबसे ज्यादा मार मोबाइल डिवीजन पर पड़ने वाली है। मोबाइल सेगमेंट में कंपनी करीब 20 फीसदी कर्मचारियों को काम से निकाल सकती है।

### आईडीबीआई बैंक का लाभ 64 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक लिमिटेड का समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 691 करोड़ रुपए के मुकाबले 64 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 1133 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक ने रविवार को जारी बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में उसे 1133 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2021-22 के 691 करोड़ रुपए की तुलना में 64 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसका परिचालन मुनाफा 1513 करोड़ रुपए के मुकाबले 60 प्रतिशत बढ़कर 2425 करोड़ रुपए हो गया। उसकी सकल गैर निष्पादित परिसंपत्ति एनपीए 20.16 प्रतिशत से घटकर 6.38 प्रतिशत रह गई। इसी तरह उसका शुद्ध एनपीए 1.36 प्रतिशत से कम होकर 0.92 प्रतिशत हो गया है। बैंक का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध मुनाफा 49 प्रतिशत बढ़कर 3645 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह आलोच्य अवधि में उसका परिचालन मुनाफा 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 8736 करोड़ रुपये हो गया है। आईडीबीआई बोर्ड ने आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन आठ वर्षों के बाद के लिए प्रति शेयर एक रुपए लाभांश का प्रस्ताव किया है।

### फुटवियर के लिए गुणवत्ता नियमों को लागू करने की तिथि बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** फुटवियर जूते-चप्पल कंपनियों और निर्यातकों ने सरकार से आग्रह किया है कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश ;यूसीओ लागू करने की तिथि 12 महीने आगे बढ़ा दी जाए क्योंकि उद्योग इन नियमों का पालन करने के लिए तैयार नहीं हुआ है। एक जुलाई से लागू होने जा रहे चमड़े और अन्य सामग्री से बने फुटवियर गुणवत्ता नियंत्रण आदेश 2022 के अनुसार, विनिर्माताओं को नए मानकों का पालन करने के लिए अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं को बदलना पड़ेगा। इनमें जांच प्रयोगशालाएं स्थापित करनेए बीआईएस लाइसेंस प्राप्त करने और आईएसआई चिह्न जारी करने के लिए नियमों का पालन करना आदि शामिल हैं। आर्थिक विचारक जीटीआरआई ने कहा कि इन बदलावों के लिए समय और निवेश करने की जरूरत है और ज्यादातर विनिर्माता इतने कम समय में इनका पालन शायद नहीं कर सकेंगे। वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल जीटीआरआई के सहसंस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बनाए जा चुके उत्पादों को बेचने पर सरकार को स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है।

### टाटा कैपिटल की 10 हजार करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** टाटा संस की सहायक कंपनी टाटा कैपिटल टीसीएल आगे कर्ज देने के उद्देश्य से कर्जदाताओं के साथ कर्ज के जरिये 10000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए बातचीत कर रही है। टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड टीसीएफएसएल का निदेशक मंडल टीसीएल के साथ टीसीएफएसएल के विलय को मंजूरी प्रदान कर चुका है। बैंकिंग क्षेत्र के एक सूत्र ने कहा कि चालू तिमाही के दौरान कर्ज के जरिये रकम जुटाने से टाटा कैपिटल को विलय की गई कंपनी की बैलेंस शीट में इजाफा करने में मदद मिलेगी। बैंकर ने कहा कि रिटेल लोन सेक्टर में टाटा कैपिटल आक्रामक हो रही है और इस तिमाही में जुटाई गई ज्यादातर रकम आवास ऋण और व्य?क्तिगत ऋण के लिए होगी। नियामक भारतीय रिर्जव बैंक ने कंपनी को ऊंचे स्तर वाले गैर बैंक वित्तीय संस्थान एनबीएफसी के रूप में चिह्नित किया है। आरबीआई के अनुसार ऊंचे स्तर वाली एनबीएफसी के रूप में टाटा कैपिटल को अगले दो साल में लिस्टेड होना होगा। जब इस संबंध में टाटा कैपिटल के प्रवक्ता से संपर्क किया गया, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि टाटा समूह के पास टाटा मोटर्स के तहत टाटा मोटर्स फाइनैंस नामक एक और व्यापक वित्तीय सेवा कारोबार है, जो वाहन और डीलर फाइनैंसिंग के लिए ऋण प्रदान कर रहा है।

# फेड के निर्णय पर निर्भर रहेगा बाजार

## शेयर समीक्षाः तिमाही आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय के साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणाम का असर रहेगा। अगले सप्ताह 01 मई को महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में अवकाश के कारण शेयर बाजार में कारोबार स्थगित रहेगा। मंगलवार से कारोबार नियमित रूप से चलेगा। विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह 02 और 03 मई को अमेरिकी फेड रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी एफओएमसी की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होने वाली है।

अमेरिका में मार्च में बढ़ी महंगाई को नियंत्रित करने के लिए फेड रिजर्व के ब्याज दरों में एक बार फिर बढ़ोतरी करने की संभावना जताई जा रही है। यदि ऐसा हुआ तो अगले सप्ताह इसका असर विदेशी और घरेलू दोनों बाजारों पर देखा जा सकेगा। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह टाटा स्टील, टाइटन, टाटा पावर, रिलायंस पावर, एचडीएफसी, हीरो मोटोकॉर्प, टीवीएस मोटर, यूको बैंक, अंबूजा सीमेंट और अडानी ग्रीन जैसी दिग्गज कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। इसका असर भी बाजार पर रहेगा। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमत, डॉलर सूचकांक एवं विदेशी संस्थागत निवेशकों एफआईआई के निवेश प्रवाह पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। एफआईआई अप्रैल में अबतक 5,711.80 करोड़ रुपए के शुद्ध लिवाल रहे हैं। इसी तरह इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों डीआईआई का शुद्ध निवेश भी 2,216.57 करोड़ रुपए रहा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1457.38 अंक अर्थात 2.44 प्रतिशत की उड़ान भरकर सप्ताहांत पर ढाई माह के उच्चतम स्तर और 61 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 61112.44 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का निफ्टी भी 440.95 अंक यानी 2.5 प्रतिशत की छलांग लगाकर 18 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 18065 अंक पर रहा।

### विदेशी निवेशकों ने की रिकॉर्ड शेयरों की खरीदारी

विदेशी निवेशकों ने अप्रैल महीने में इस साल का सबसे ज्यादा निवेश किया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों एफपीआई ने अप्रैल में 2023 में भारतीय इक्विटी में 11631 करोड़ रुपए की अधिकत्तम खरीदारी की है। यह लगातार दूसरा महीना है,जब विदेशी निवेशकों ने पैसा निवेश किया है। यह कर्ज और कर्ज-वीआरआर उपकरणों में किए गए निवेश से कई गुना अधिक है, जो उक्त महीने में 806 करोड़ रुपए और 1235 करोड़ रुपए है। विदेशी निवेशकों ने 126 करोड़ रुपए के शेयर बेंचे हैं। एनएसडीएल डाटा के मुताबिक, अप्रैल में विदेशी निवेशकों द्वारा मजबूत खरीदारी की गई है। भारतीय बाजार में मोटे तौर पर एफपीआई का निवेश लगभग 13545 करोड़ रुपए है, जिसमें इक्विटी, कर्ज, कर्ज-वीआरआर आदि शामिल है।

### टॉप 9 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 184225.43 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक को हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 48238.78 करोड़ रुपए बढ़कर 1637408.27 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 31325.39 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 515887.19 करोड़ रुपए रहा। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 23472.25 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 640949.71 करोड़ रुपए रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 21003.35 करोड़ रुपए बढ़कर 528377.17 करोड़ रुपए रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 19886.94 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 1176750.92 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

# आज से बदल गए है ये नियम, एलपीजी सिलेंडर समेत इनपर पड़ेगा प्रभाव

नया महीना आज से शुरू हो गया है जिसके बाद कई नियमों में बदलाव भी हुआ है। इस बार रसोई गैस की कीमत में कटौती की गई है। इसके अलावा सरकार ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स में भी बड़ा बदलाव किया है। म्यूचुअल फंड के नियम भी बदले है। बता दें की इस बार रसोई गैस की कीमत में बदलाव देखने को मिला है। पेट्रोलियम कंपनियां रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें हर महीने की पहली तारीख को तय करती है। इस बार कंपनियों ने ग्राहकों को राहत देते हुए रसोई गैस यानी एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कटौती को है। हालांकि ये कटौती कमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए की है। पेट्रोलियम कंपनियों ने इस बार 171 रुपए की कटौती की है। इस कटौती के बाद दिल्ली में कमर्शियल रसोई गैस की कीमत 1856.50 रुपए हो गई है। पिछले महीने यानी एक अप्रैल को भी सरकार ने इस सिलेंडर पर 19 रुपए कम किए थे। जीएसटी भरने वाले व्यापारियों के लिए भी बदलाव हुआ है। 100 करोड़ का बिजनेस करने वाली कंपनियों को अब सात दिन में इनवॉइस रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर ट्रांजेक्शन रसीद अपलोड करनी होगी। सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों से भी बदलाव करने को कहा है। इसके बाद केवाईसी करवाने वाले ि ६''ि३ ग्राहक का ही ट्रांजेक्शन हो सकेगा।

# चेन्नई में सिकंदर की रजा, वानखेड़े में डेविड यशस्वी

सिकंदर रजा
13 रन
07 गेंद
01 चौका
00 छक्के
01 विकेट

## आईपीएल के ओवरऑल मैच नंबर 999 में 200 रन बनाकर भी अंतिम बॉल पर हारी चेन्नई सुपर किंग्स

**चेन्नई।** चेन्नई में रविवार को आईपीएल 2023 के पहले डबल हेडर मुकाबले में दो किंग्स (चेन्नई बनाम पंजाब) के बीच हाई स्कोरिंग मैच में जोरदार वर्चस्व की लड़ाई देखने को मिली, जिसमें असली सिंकदर तो रजा निकले, जिन्होंने मैच की अंतिम गेंद पर तीन रन बनाकर धोनी की टीम सीएसके के मुंह से जीत का निवाला छीन लिया। खास बात यह है कि यह आईपीएल इतिहास का मैच नंबर 999 था।

बहरहाल, पंजाब ने अपनी आक्रामक मानसिकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले में चेन्नई को चार विकेट से हराया दिया। चेन्नई ने डेवन कॉनवे (92*) के आतिशी अर्द्धशतक की मदद से पंजाब के सामने 201 रन का विशाल लक्ष्य रखा। पंजाब के किसी बल्लेबाज ने अर्द्धशतक नहीं जड़ा, लेकिन सभी बल्लेबाजों के संयुक्त प्रदर्शन से मेहमान टीम ने मैच की आखिरी गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मेहमान टीम को आखिरी छह गेंद पर 9 रन चाहिए थे और क्रीज पर नए-नए उतरे सिकंदर रज़ा बल्लेबाजी कर रहे थे। पंजाब शुरुआती तीन गेंद पर सिर्फ तीन रन ही बना सकी, हालांकि अगली दो गेंदों पर सिकंदर ने चार रन चुरा लिए। पंजाब को आखिरी गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। रज़ा ने गेंद को बैकवर्ड स्क्वैयर लेग की ओर खेलकर तीन रन चुराते हुए पंजाब को जीत दिला दी।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋतुराज कै. जितेश बो. रजा | 37 | 31 | 4/1 |
| डेवन कॉन्वे नाबाद | 92 | 52 | 16/1 |
| शिवम दुबे कै. शाहरुख बो. अर्शदीप | 28 | 17 | 1/2 |
| मोईन अली स्टंप. जितेश बो. चाहर | 10 | 06 | 2/0 |
| रवींद्र जडेजा कै. लियाम बो. करन | 12 | 10 | 0/0 |
| एमएस धोनी नाबाद | 13 | 04 | 0/2 |

**अतिरिक्त: 8 कुल:** 20 ओवर में चार विकेट पर 200 रन **विकेट पतन:** 1-86, 2-130, 3-158, 4-185 **गेंदबाजी:** अर्शदीप सिंह 4-0-37-1, कैगिसो रबाडा 4-0-34-0, सैम करन 4-0-46-1, राहुल चाहर 4-0-35-1, सिकंदर रजा 3-0-31-1, लिविंगस्टोन 1-0-16-0,

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन स्टंप. धोनी बो. जडेजा | 42 | 24 | 4/2 |
| शिखर धवन कै. पथिराना बो. तुषार | 28 | 15 | 4/1 |
| अथर्व तायडे कै. एवं बो. जडेजा | 13 | 17 | 0/0 |
| लिविंगस्टोन कै. गायकवाड़ बो. तुषार | 40 | 24 | 1/4 |
| सैम करन बो. पथिराना | 29 | 20 | 1/1 |
| जितेश शर्मा कै. राशिद बो. तुषार | 21 | 10 | 2/1 |
| शाहरुख खान नाबाद | 02 | 03 | 0/0 |
| सिकंदर रजा नाबाद | 13 | 07 | 1/0 |

**अतिरिक्त: 13, कुल:** 20 ओवर में छह विकेट पर 201 रन **विकेट पतन:** 1-50, 2-81, 3-94, 4-151, 5-170, 6-186 **गेंदबाजी:** आकाश सिंह 3-0-35-0, तुषार देशपांडे 4-0-49-3, महीश थीक्षणा 4-0-36-0, रवींद्र जडेजा 4-0-32-2, मोईन अली 1-0-10-0, मथीशा पथिराना 4-0-32-1,

## IPL का 1000 वां मुकाबला: MI ने RR को चौंकाया, यशस्वी के आतिशी शतक पर टिम डेविड ने फेरा पानी

**मुंबई।** रोमांच की पराकष्ठा तक पहुंचे इंडियन प्रीमियर लीग के ओवरऑल 1000वें और आईपीएल सीजन-16 के 42वें मैच के अंतिम ओवर में टिम डेविड के तेजतर्रार 3 छक्कों की मदद से मुंबई इंडियंस ने 200 पार के हाई स्कोरिंग मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 6 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टिम डेविड ने छक्कों की हैट्रिक जमा आईपीएल इतिहास के 1000वें मैच को यादगार बना और अपने कप्तान व बर्थडे ब्वॉय रोहित शर्मा को जीत का तोहफा भी दे दिया।

बता दें कि इससे पूर्व यशस्वी जायसवाल (124 रन) के आतिशी शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने 7 विकेट पर 212 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, लेकिन टिम डेविड ने उनके इस शतक पर पानी फेर दिया। मुंबई को अंतिम ओवर में जीत के लिए 17 रनों की जरूरत थी, लेकिन डेविड ने अंतिम ओवर में जेसन होल्डर की फुलटॉस गेंदों का फायदा उठाकर लगातार तीन गेंदों पर 3 छक्के जड़कर 19.3 ओवर में 214 रन बना मैच खत्म कर दिया।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी कै. एवं बो. अरशद | 124 | 62 | 16/8 |
| बटलर कै. रमनदीप बो. चावला | 18 | 19 | 2/1 |
| संजू सैमसन कै. तिलक बो. अरशद | 14 | 10 | 1/1 |
| देवदत्त पडिक्कल बो. चावला | 02 | 04 | 0/0 |
| जेसन होल्डर कै. डेविड बो. आर्चर | 11 | 09 | 0/1 |
| हेटमायर कै. सूर्या बो. अरशद | 08 | 09 | 0/1 |
| ध्रुव जुरेल कै. तिलक बो. मेरेडिथ | 02 | 03 | 0/0 |
| रवि अश्विन नबाद | 08 | 05 | 1/0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**अतिरिक्त: 25, कुल:** 20 ओवर में सात विकेट पर 212 रन **विकेट पतन:** 1-72, 2-95, 3-103, 4-143, 5-159, 6-168, 7-205 **गेंदबाजी:** कैमरन ग्रीन 3-0-31-0, जोफ्रा आर्चर 4-0-35-1, रायली मेरेडिथ 4-0-51-1, पीयूष चावला 4-0-34-2, कुमार कार्तिकेय 2-0-14-0, अरशद खान 3-0-39-3,

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो. संदीप शर्मा | 03 | 05 | 0/0 |
| ईशान कै. बोल्ट बो. अश्विन | 28 | 23 | 4/0 |
| कैमरन ग्रीन कै. बोल्ट बो. अश्विन | 44 | 26 | 4/2 |
| सूर्यकुमार कै. संदीप बो. बोल्ट | 55 | 29 | 8/2 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 29 | 21 | 3/1 |
| टिम डेविड नाबाद | 45 | 14 | 2/5 |

**अतिरिक्त: 10, कुल:** 19.3 ओवर में चार विकेट पर 214 रन **विकेट पतन:** 1-14, 2-76, 3-101, 4-152, **गेंदबाजी:** ट्रेंट बोल्ट 4-0-43-1, संदीप शर्मा 4-0-35-1, रविचंद्रन अश्विन 4-0-27-2, युजवेंद्र चहल 3-0-32-0, जेसन होल्डर 3.3-0-55-0, कुलदीप सेन 1-0-20-0,

यशस्वी जायसवाल
124 रन, 62 गेंद
छक्के 8
चौके 16

चेन्नई में रविवार को सीएसके और पंजाब के मैच का लुत्फ लेते क्रिकेटप्रेमी।

टिम डेविड

### ऑरेंज कैप

1 यशस्वी जायसवाल
428 रन

| मैच | सर्वश्रेष्ठ | औसत | चौके | छक्के | 50 | 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 84 | 60.29 | 34 | 27 | 5 | 0 |

### पर्पल कैप

1 तुषार देशपांडे
17 विकेट

| मैच | विकेट | इकोनॉमी | बेस्ट बॉलिंग | 4/5 विकेट |
|---|---|---|---|---|
| 8 | 14 | 7.31 | 21/4 | 1/0 |

### आईपीएल 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात टाइटंस | 08 | 06 | 02 | 12 | 0.638 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.841 |
| राजस्थान रॉयल्स | 09 | 05 | 04 | 10 | 0.800 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 09 | 05 | 04 | 10 | 0.329 |
| पंजाब किंग्स | 09 | 05 | 04 | 10 | -0.447 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 08 | 04 | 04 | 08 | -0.139 |
| मुंबई इंडियंस | 08 | 04 | 04 | 08 | -0.502 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 09 | 03 | 06 | 06 | -0.147 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 08 | 03 | 05 | 06 | -0.577 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 08 | 02 | 06 | 04 | -0.898 |

## प्रदेश के देव मीणा ने जूनियर एशियन चैंपियनशिप के लिए किया क्वॉलीफाई

**भोपाल।** तिरुवन्नमलाई में खेली जा रही जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के देव मीणा ने पुरुष वर्ग के पोल वाल्ट में नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर जूनियर एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वॉलीफाई किया है। वही प्रदेश के बंटी नाथ ने 4.60 मी के साथ तीसरे स्थान पर रह कर कांस्य पदक जीता। देव मीणा ने पांच मीटर की ऊचाई को पार कर स्वर्ण पदक जीता, उत्तरप्रदेश के कुलदीप कुमार ने रजत पदक जीता। मप्र के बंटी नाथ ने कांस्य पदक जीता। चौथा स्थान भी मप्र के अंशु पटेल ने प्राप्त किया। खातेगांव तहसील के छोटे से गांव सिल्फोड़खेडा के रहने वाले देव मीणा ने खेलो इंडिया में भी मप्र के लिए स्वर्ण पदक जीता था। मध्य प्रदेश एथलेटिक्स अकादमी को देव से बहुत उम्मीदें है। उसे जूनियर एशियन चैंपियनशिप में भी देश के लिए पदका का दावेदार माना जा रहा है।

## विकास और सुदिति को भोपाल संभाग की कमान

**भोपाल।** रविवार को भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने भोपाल संभाग अंडर-19 बालक और अंडर-15 बालिका टीम का ऐलान किया। 21 सदस्यीय भोपाल संभाग बालक टीम की कमान जहां विकास शर्मा को दी गई, वहीं 15 सदस्यीय बालिका टीम का कप्तान सुदिति वशिष्ठ को बनाया गया है। विकास डॉक्टर शफकत मोहम्मद खान अंडर-19 प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम का नेतृत्व करेंगे। जबकि भोपाल संभाग क्रिकेट संघ अंडर-15 गर्ल्स इंटर डिविजन क्रिकेट प्रतियोगिता में सुदिति वशिष्ठ टीम की कमान संभालेंगी। डॉक्टर सुशील सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष व प्रवक्ता बीडीसीए ने बताया कि बालक टीम भोपाल का पहला मैच आज एक मई को जबलपुर संभाग के मध्य फेथ क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। भोपाल संभाग अंडर-15 बालिका टीम का पहला मैच आज एक मई को चम्बल संभाग के मध्य रीवा में खेला जाएगा।

विकास शर्मा

सुदिति वशिष्ठ

**भोपाल संभाग अंडर-19 बालक टीम** : विकास शर्मा (कप्तान), तनिष्क यादव, रोहन थोराट, प्रारब्ध मिश्रा, ओजस्व यादव, प्रियांशु प्राण, शिवांश चतुर्वेदी, उज्ज्वल पालीवाल, आलिफ हसन, मल्हार त्रिपाठी, आदित्य राज सिंह तोमर, रिचित चौहान, गौरव धाकड़, हर्ष सेठी, प्रतीक शुक्ला, अली अनवर, आकाश वर्मा, अरुण मीना, गुरु प्रसाद मरावी, फाईज उस्मानी, प्रथम सिंह सेंगर।

**भोपाल संभाग अंडर-15 बालिका टीम** :सुदिति वशिष्ठ (कप्तान), प्रेरणा पाल, दिव्या तोमर, चारु शर्मा, वयोमिका श्रीवास्तव, वंशिका प्रजापति, शानवी मंडलोई, पूजा सेन, प्रेरणा सिंह उप कप्तान, काव्या पटेल, अनुष्का दुबे, पल्लवी पतैय्या, काजल चौरसिया, युवाक्षि आडवाणी, मनसा राठोर। टीम की कोच कुमारी ममता शर्मा व मैनेजर कुमारी सविता सेन होंगी।

## डिंग लिरेन बने नए विश्व शतरंज चैंपियन



**अस्ताना।** चीन के डिंग लिरेन ने रूस के यान निपोमनिशी को टाइब्रेक में हराकर रविवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीत ली। नौ अप्रैल को शुरू हुई विश्व चैंपियनशिप के 14 पारंपरिक मुकाबलों के बाद स्कोर 7-7 से बराबर होने के कारण विजेता का फैसला चार टाइब्रेकर रैपिड मुकाबलों से किया गया। टाइब्रेकर के शुरुआती तीन गेम ड्रॉ रहे, लेकिन डिंग ने चौथे गेम में निर्णायक जीत दर्ज की। डिंग विश्व चैंपियन का ताज अपने सिर सजाने वाले पहले चीनी ग्रैंडमास्टर हैं। पिछले 10 सालों से यह खिताब नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन के पास था, लेकिन उन्होंने पिछले साल अपनी चैंपियनशिप बचाने से मना कर दिया था।

## नॉटआउट 180* रन ठोककर एशिया के सबसे तेज तीन हजारी बने फखर जमां

### 337/3 रन बना पाक ने किया दूसरा सबसे बड़ा वनडे चेज

**रावलपिंडी।** दूसरे वनडे मैच में एक बार फिर पाकिस्तान ने कमाल का खेल दिखाया और 7 विकेट से जीत हासिल की। पाकिस्तान की इस जीत में हीरो फखर जमां रहे, जिन्होंने अपने वनडे करियर का 10वां शतक लगाया और 180 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी पारी में फखर ने 6 छक्के और 17 चौके लगाए। न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 336 रन बनाए थे, जिसके बाद पाकिस्तान ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य को 48.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। लगातार 2 वनडे मैच जीतकर पाकिस्तान ने 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

अपनी धुआंधार शतकीय पारी के दौरान फखर जमां ने इतिहास बना दिया है। दरअसल, फखर ने अपने वनडे करियर में 3000 रन भी पूरे किए। ऐसा कर फखर ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। फखर वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बने तो वहीं वो ऐसा कमाल करने वाले एशिया के सबसे तेज बल्लेबाज बनने का कमाल कर दिखाया।

वनडे में सबसे तेज 3000 रन

| खिलाड़ी | पारी |
|---|---|
| हाशिम अमला | 57 |
| शाई होप | 67 |
| फखर जमान | 67 |
| बाबार आजम | 68 |
| विव रिचर्ड्स | 69 |

## बेंजेमा की हैट्रिक से मैड्रिड विजयी

**बार्सीलोना ।** करीम बेंजेमा की शानादार हैट्रिक की बदौलत रीयाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा लीग में अल्मेरिया को 4-2 से हराकर अंक तालिका में दूसरे पायदान पर अपनी जगह बरकरार रखी। मैड्रिड के लिए बेंजेमा ने 5वें 17वें और 42वें मिनट में तीन गोल दागे। इसके अलावा रोड्रिगो ने भी 47वें मिनट में गोल दागा। वहीं बार्सीलोना ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रीयाल बेटिस को 4-0 से हराकर शीर्ष पर 11 अंक की बढ़त कायम रखी। मैड्रिड को अगले सप्ताह ओसासुना के खिलाफ कोपा डेल रे का फाइनल खेलना है जबकि इसके तीन दिन बाद नौ मई को चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी से भिड़ना है। अन्य मुकाबलों में एल्शे ने रेयो वालेकानो को 4-0 से हराकर सत्र की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

## शीर्ष वरीय अल्कराज और स्वियातेक टूर्नामेंट में आगे बढ़े

मैड्रिड। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज और इगा स्वियातेक ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मैड्रिड ओपन टेनिस टूनामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। पहले दौर में तीन सेट तक जूझने वाले अल्कराज ने दूसरे दौर में 26वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को6-2, 7-5 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया और इस तरह से अपने खिताब बचाने की उम्मीदों को बरकरार रखा। अल्कराज का अगला मुकाबला 13 वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा जिन्हें उन्होंने पिछले साल फाइनल में हराया था। दो बार के मैड्रिड ओपन चैंपियन ज्वेरेव ने क्वालीफायर ह्यूगो ग्रेनियर को एक घंटे से भी कम समय में 6-1, 6-0 से हराया। महिला वर्ग में स्वियातेक ने बर्नार्डा पेरा पर 6-3, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला 22वीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन या 16वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा से होगा। तीसरी वरीय जेसिका पेगुला को मैरी बूजकोवा पर 6-4, 7-6 (2) से जीत दर्ज करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने योशीहितो निशिओका पर 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला 10वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने लगभग तीन घंटे तक चले मैच में रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट को 7-5, 4-6, 6-3 से हराया।

## आज होगी राजद्रोह कानून पर दायर याचिकाओं पर सुनवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** औपनिवेशिक काल के राजद्रोह कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई कर सकता है। इनमें से एक याचिका 'एडिटर्स गिल्ड' ने दायर की थी। सुनवाई में, विवादास्पद दंडनीय प्रावधान की समीक्षा के सिलसिले में अब तक उठाये गये कदमों से केंद्र द्वारा न्यायालय को अवगत कराए जाने की उम्मीद है। शीर्ष न्यायालय ने राजद्रोह कानून और इसके तहत दर्ज की जाने वाली प्राथमिकी पर रोक लगाने संबंधी 11 मई के अपने निर्देश की अवधि पिछले साल 31 अक्टूबर को बढ़ा दी थी। साथ ही, प्रावधान की समीक्षा करने के लिए सरकार को 'उपयुक्त कदम' उठाने के लिए अतिरिक्त समय दिया था। शीर्ष न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने इस कानून की वैधता को चुनौती देने वाली 16 याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की हैं।

## दास श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य प्रशासक नियुक्त

**भुवनेश्वर, (एजेंसी)।** ओडिशा में ओडिया भाषा साहित्य एवं सांस्कृतिक विभाग के विशेष सचिव व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी रंजन कुमार दास को श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) का नया मुख्य प्रशासक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि श्री दास आईएएस अधिकारी वीर विक्रम यादव का स्थान लेंगे। मुख्य सचिव के विशेषाधिकारी (ओएसडी) का पद संभाल रहे आइएएस अधिकारी दिलीप राउत्राइ को ओड़िया भाषा साहित्य और सांस्कृतिक विभाग का निदेशक नियुक्त किया गया है। अधिसूचना के अनुसार विशेष सचिव, हैंडलूम, टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट विभाग श्रीकांत प्रूस्ती को पंचायती राज एवं पेयजल विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है।

## जलवायु परिवर्तन से प्रभावित लोगों के लिए कॉलोनी बनेगी

**भुवनेश्वर, (एजेंसी)।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में सतभाया बागपटिया कॉलोनी को जलवायु परिवर्तन से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए विकसित किया जाएगा। ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने सतभाया बागपतिया पुनर्वास कॉलोनी को एक आदर्श कॉलोनी के रूप में विकसित करने के लिए पहले चरण में 22 करोड़ से अधिक आवंटित किए हैं। यह देश की पहली पुनर्वास कॉलोनी है जिसे जलवायु परिवर्तन से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए विकसित किया जाएगा। जलवायु परिवर्तन के कारण सतभाया के समुद्र में डूब जाने के बाद वहां के लोगों का बागपटिया में पुनर्वास किया गया। सीएम के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारी द्वारा 28 अप्रैल को सतभाया का दौरा करने व विस्थापित लोगो से बातचीत करने के बाद 22.71 करोड़ की राशि आवंटित की गई।

## जम्मू-कश्मीर में लगे 4.1 तीव्रता के भूकंप के झटके

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के कुछ हिस्सों में रविवार को हल्की तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई। भूकंप की तीव्रता का केंद्र उत्तर में 35.06 और पूर्व में 74.49 था। साथ ही कुछ सेकंड के लिए बांदीपोरा, सोपोर, बारामूला और गांदरबल में झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके सुबह 05.15 बजे श्रीनगर के उत्तर पूर्व में 5 किमी गहराई में महसूस किए गए। भूकंप के कारण किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

## आज का इतिहास

- **1840 :** ब्रिटेन ने पहला आधिकारिक डाक टिकट जारी किया।
- **1857 :** स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
- **1856 :** जोनास सॉल्क ने पोलियो वैक्सीन आम जनता के लिए उपलब्ध।
- **1886 :** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस या मई दिन मनाने की शुरूआत एक मई से मानी जाती।
- **1908:** प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।
- **1914 :** कार निर्माता फोर्ड कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू करने वाली पहली कंपनी बनी।
- **1923 :** देश में एक मई को श्रमिक दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत चेन्नई से हुई।
- **1960:** महाराष्ट्र और गुजरात अलग-अलग राज्य बने।

# जल मेट्रो यात्रा के लिए कतार में इंतजार

कोच्चि में पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा उद्घाटन किए गए भारत के पहले जल मेट्रो के माध्यम से यात्रा करने के लिए यात्री कतार में प्रतीक्षा करते हैं।

### क्या हैं खासियत

यह कटमैन फैरी डिजाइन्ड बोट है। इसकी लंबाई 24.8 मीटर है। इसमें एक बार में 100 पैसेंजर ट्रैवल कर सकते हैं। इसमें लिथियम टाइटनेट ऑक्साइड बैटरी लगी है। बैटरी की कैपेसिटी 122 केडब्ल्यूएच है। ये बैटरी नई टेक्नोलॉजी की है। इसे 10 से 15 मिनट में चार्ज किया जा सकता है। चुनिंदा स्थानों पर फ्लोटिंग जेटी में सुपर-चार्जर लगाए गए हैं। बोट में जनरेटर बैक-अप भी है। ये बोट्स पूरी तरह से एयर-कंडीशन्ड हैं।

वाटर मेट्रो कोच्चि में और उसके आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ेगी। इससे पॉल्यूशन कम करने में मदद मिलेगी और कोच्चि झील के किनारे बसे परिवारों का मेन मार्केट तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

## शाइस्ता को लेडी डॉन मुंडी पासी का सहारा, साथ में गनर एहतेशाम

**लखनऊ, (ब्यूरो)।** उमेश पाल हत्याकांड के बाद अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन फरार चल रही है। शाइस्ता की फरारी को लेकर पुलिस को इनपुट मिला है कि उसकी मदद मुंडी पासी कर रही है। डॉन ब्रदर्स अतीक अहमद और अशरफ की हत्या हो चुकी है। लेकिन, अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन पिछले काफी समय से फरार चल रही है। शाइस्ता की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। शाइस्ता परवीन के बारे में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं।

दरअसल, पुलिस को पता चला है कि उमेश पाल हत्याकांड से पहले और बाद शाइस्ता परवीन लेडी डॉन मुंडी पासी से मिली थी। दोनों (शाइस्ता और मुंडी पासी) को एक साथ कई बार देखा गया था। अतीक अहमद का गनर एहतेशाम भी साथ था।

## गुड्डू मुस्लिम के आपराधिक इतिहास में इटावा महत्वपूर्ण

**इटावा, (एजेंसी)।** प्रयागराज में चर्चित उमेश पाल हत्याकांड में वांछित पांच लाख के इनामी शूटर गुड्डू मुस्लिम के आपराधिक इतिहास का चंबल से सटे इटावा से भी नाता है जहां 90 के दशक में इस दुर्दांत अपराधी ने अपने साथियों के साथ एक कैदी पर गोलीबारी की थी जिसमें एक सिपाही की मृत्यु हो गई थी। सिविल लाइन इलाके के अंबेडकर चौराहे पर 30 अप्रैल 1997 को पुलिस अभिरक्षा में जिला जेल से विचाराधीन कैदी प्रवीण कुमार उर्फ बॉबी को पेशी पर ले जाते में कार सवार बदमाशों ने बम और गोलियों से हमला किया।

## यूके : ड्रग्स,मनी लॉन्ड्रिंग में भारतीय को दी सजा

**लंदन, (एजेंसी)।** ब्रिटेन में मादक पदार्थों की तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों को स्वीकार करने के बाद एक भारतीय मूल के शख्स को अदालत ने सरगना माना और आठ साल 10 महीने की जेल की सजा सुनाई। यूके की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने कहा कि उसके अधिकारियों ने साबित किया है कि दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में सरे के राजिंदर सिंह (45) एक गैंग चला रहा था। वकास इकबाल (41) नाम के दूसरे शख्स के साथ नियमित रूप से ड्रग्स बेचने का काम करता था। राजिंदर का काला साम्राज्य ब्रिटेन से यूरोप के कई देशों तक फैला था।

**आठ साल 10 महीने की सुनाई गई जेल**

ब्रिटेन की गिल्डफोर्ड क्राउन कोर्ट ने राजिंदर सिंह बस्सी और उसके साथी वकास इकबाल को मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स तस्करी में दोषी पाया। राजिंदर सिंह ने कोर्ट में अपने अपराध कबूल लिए हैं। उसने एक अलग मामले में पब में मारपीट करना भी स्वीकार किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पब में जब उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस पहुंची तो वह पुलिस अधिकारी से मारपीट कर मौके से फरार हो गया था। हमले में पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### खड़गे के विवादित बयान पर बोले पीएम मोदी- शिवजी के गले का गहना है सांप

# मुझको ईश्वर रूपी जनता के गले का सांप होना है स्वीकार

- पीएम मोदी ने कर्नाटक के कोलार में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं का जमावड़ा लगा हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के कोलार में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है।

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विवादित बयान पर प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए कहा कि कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस का सबसे बड़ा मुद्दा सांप है। ये लोग मेरी तुलना सांप से कर रहे हैं, लेकिन सांप भगवान शंकर के गले की शोभा है और देश की जनता मेरे लिए ईश्वर का रूप है, शिव का ही स्वरूप है, इसलिए मुझे भी ईश्वर रूपी जनता के गले का सांप होना स्वीकार है।

### वाहन के ऊपर गिरा मोबाइल

पीएम रोड शो के इस्तेमाल के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए वाहन के ऊपर खड़े थे और उनके सामने एक मोबाइल फोन आ गिरा। हालांकि मोबाइल पीएम मोदी को नहीं लगा, लेकिन ड्राइवर सीट की छत पर उनके सामने गिर गया, जो इस मेगा इवेंट के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए वाहन को चला रहा था। पुलिस के अनुसार अनजाने में हुआ था क्योंकि भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता ने उन्माद में पीएम मोदी पर मोबाइल फेंका था।

### मेरे भाई से सीखो, प्रियंका ने मोदी को 91 गालियों पर कहा

**बागलकोट, (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके भाई राहुल गांधी से सीख लेने की अपील करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस तरह के हमलों का सामना करना पड़ता है। प्रियंका गांधी ने रविवार को यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कम से कम वो (91 गालियां) एक पन्ने पर तो आ सकती हैं, अगर आप उनके द्वारा मेरे परिवार को दी गई गालियों को देखें और अगर हम एक सूची बनाना शुरू करें, तो हम इसके बारे में किताबें प्रकाशित करेंगे ... मेरा भाई कहता है कि वह सच के लिए खड़ा होगा , चाहे गाली दो, गोली मारो या चाकू से वार करो। साहस होना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए।

## लताड़ के बाद यूक्रेन ने हटाई काली माता की अभद्र फोटो

**कीव (एजेंसी)।** रूस के साथ युद्ध में घिरे यूक्रेन के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से किए गए एक ट्वीट पर बवाल मच गया। डिफेंस ऑफ यूक्रेन के आधिकारिक अकाउंट द्वारा पोस्ट किए गए एक ट्वीट में भारतीय देवी काली को अभद्र मुद्रा में दिखाया गया था। ट्वीट देखते ही देखते वायरल हो गया जिसके बाद लोगों ने यूक्रेन को जमकर लताड़ दिया। इस तस्वीर ने भारत में नेटिजन्स को नाराज कर दिया है, जिन्होंने इसे अपमानजनक और हिंदूफोबिक माना।

**मर्लिन मुनरो की मुद्रा के जैसी थी**

यह तस्वीर कुछ हद तक मर्लिन मुनरो की प्रसिद्ध मुद्रा से मिलती-जुलती थी। हालांकि हिन्दू देवी की छवि के इस्तेमाल ने लोगों को क्रोधित कर दिया। हालांकि, तस्वीर पोस्ट करने के कुछ ही मिनटों बाद, ट्वीट को भारी प्रतिक्रिया मिली, जिससे रक्षा मंत्रालय को ट्विटर पोस्ट को हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मोहन सिन्हा नाम से जाने वाले एक उपयोगकर्ता ने ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा कि यही कारण है कि आप लोगों को भारत से कोई समर्थन नहीं मिल रहा है।

एक अन्य यूजर, सुधांशु सिंह ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर को टैग कर सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया। माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट पर पोस्ट में कैप्शन के साथ दो तस्वीरें थीं जिन्हें 'वर्क ऑफ आर्ट' के नाम से साझा किया था। पहली तस्वीर आसमान में बादलों की थी।

# मंदिर की तर्ज पर हैं सचिवालय के गुंबद

**हैदराबाद, (एजेंसी)।** तेलंगाना भाजपा प्रमुख की टिप्पणियों से उपजे विवाद के बीच राज्य सरकार ने कहा है कि तेलंगाना राज्य के नए सचिवालय भवन के गुंबद गुजरात के सारंगपुर में हनुमान मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों की तर्ज पर बनाए गए हैं।

अधिकारियों ने कहा, गुंबदों को निजामाबाद, गोपुरम में काकतीय काल के नीलकंटेश्वर स्वामी मंदिर मंदिर की शैली और वानापार्थी संस्थानम (रियासत राज्य) के राजाप्रसादों के डिजाइन और सारंगपुर, गुजरात में हनुमान मंदिर के पैटर्न पर बनाया गया है। विपक्षी भाजपा के इस आरोप के मद्देनजर यह स्पष्टीकरण महत्वपूर्ण है कि नया राज्य सचिवालय भवन निजामों की संस्कृति को दर्शाता है।

### नए सचिवालय में 34 गुंबद बनाए जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण

नया सचिवालय, जिसे रविवार को खोला गया था, में 34 गुंबद हैं, जो एक विशेष आकर्षण के रूप में सामने आते हैं। चार तरह के गुंबद बनाए गए हैं। ए प्रकार के गुंबद 23.6 फीट व्यास के हैं, बी प्रकार के गुंबद 31 फीट, सी प्रकार के गुंबद 21.6 फीट और डी प्रकार के गुंबद हैं, जो सबसे बड़े 54.8 फीट व्यास के हैं। ऐसा अनुमान है कि इन गुंबदों के निर्माण में 90 टन तक लोहे का उपयोग किया गया है। मुख्य भवन में ताजमहल और गुलबर्गा गुम्बद की तर्ज पर दो बाहुबली गुंबद बने हैं। 34 गुंबद और दो बड़े गुंबदों पर राष्ट्रीय प्रतीक सिंह की आकृति नए सचिवालय का ताज है। 165 फीट की ऊंचाई पर मुख्य गुंबद सचिवालय के आगे और पीछे की तरफ बने हैं। यह पहली बार है जब मुख्य रूप से सरकारी भवनों में आधुनिक संरचनाओं में इतने विशाल गुंबद बने हैं।

# बृजभूषण पर शिकायत दर्ज कराने वाले पहलवानों को दी गई सुरक्षा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में पहलवानों और शिकायतकर्ताओं को सुरक्षा मुहैया कराएगी और इनके बयान दर्ज किए जाएंगे। सिंह पर सात महिला पहलवानों और एक नाबालिग लड़की ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस अब इन सात शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज करेगी।

**दिल्ली पुलिस का एक्शन**

प्राथमिकी में उल्लिखित घटनाएं कथित तौर पर 2012 और 2022 के बीच विदेशों सहित विभिन्न स्थानों पर हुई। इस बीच, 'इंडियन वीमन प्रेस कोर' (आईडब्ल्यूपीसी) ने शनिवार को सरकार से यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जांच की मांग कर रही प्रदर्शनकारी महिला पहलवानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह किया। आईडब्ल्यूपीसी ने एक बयान में कहा कि वह महिला पहलवानों के साथ एकजुटता से खड़ी है। इसने महिला खिलाड़ियों के किसी भी प्रकार के उत्पीड़न और यौन शोषण की भी निंदा की। उल्लेखनीय है कि महिला पहलवानों द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया था कि महिला पहलवानों की शिकायत पर कनॉट प्लेस थाने में दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा था कि पहली प्राथमिकी एक नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है।

## भारत बदल रहा है, अब यह चाहता है उड़ना : मंत्री विज

**चंडीगढ़/सिडनी, (एजेंसी)।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारत बदल रहा है ,भारत को पंख लग रहे हैं और भारत अब उड़ना चाहता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को प्रवासी भारतीय व एसोसिएशन ऑफ हरियाणवी इन ऑस्ट्रेलिया के सौजन्य से कार्यक्रम में कहा पीएम नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया हुआ है। पीएम मोदी भी ऑस्ट्रेलिया आ रहे हैं इसलिए मैं आपसे यह अपील करना चाहूंगा कि जिस जोश के साथ आप सभी गीता महोत्सव में जुड़े हैं उससे भी कई हजार गुना जोश के साथ आप मोदी जी के स्वागत कार्यक्रम में जुड़ें।

## पुष्कर में पंचतीर्थ स्नान आज से

**अजमेर, (एजेंसी)।** सृष्टि के रचियता जगतपिता ब्रह्मा जी की नगरी तीर्थराज पुष्कर में वैशाख माह का पंचतीर्थ स्नान का आगाज सोमवार एक मई से होगा। पुष्कर के पवित्र सरोवर पर यह पावन स्नान मोहिनी एकादशी स्नान के साथ प्रारंभ होगा और पांच दिनों तक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ स्नान चलकर पांच मई को पूर्णिमा के मौके पर महास्नान के साथ संपन्न होगा। यह कार्तिक स्नान जैसा ही माना जाता है।

# डोरबेल बजाने पर तीन को गाड़ी से कुचला, कोर्ट में जुर्म कबूला

**कैलीफोर्निया, (एजेंसी)।** एक शख्स ने सिर्फ इस बात पर तीन नाबालिगों की कार से कुचलकर हत्या कर दी क्योंकि उन्होंने उसके घर की घंटी (डोरबेल) बजा दी थी. वारदात के वक्त शख्स शराब के नशे में था। अब उसे जानबूझकर हत्या करने का दोषी पाया गया है।

मामला अमेरिका के कैलिफोर्निया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए गए इस भारतीय मूल के शख्स का नाम अनुराग चंद्रा है। 2020 में कुछ लड़कों ने मजाक-मजाक में अनुराग के घर की डोरबेल बजा दी थी। इस बात पर अनुराग को इतना गुस्सा आया कि उसने कार से तीन लड़कों को कुचलकर मार डाला। कार की स्पीड करीब 160 किमी/घंटे थी।

टेमस्केल वैली 4 के पास कार से टक्कर के बाद जिन तीन लड़कों की मौत हुई थी, उनकी उम्र महज 16 साल थी। उनके नाम डेनियल हॉकिंस, ड्रेक रूईज और जैकब लवासू हैं। दो और लड़के घायल हुए उनमें से सर्जियो कैम्पुसानो नाम के लड़के ने बताया कि हमने बस मजाक में डोरबेल बजाई थी। हमें बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि यह मजाक जानलेवा साबित होगा। अब 14 जुलाई को उसकी सजा का ऐलान हो सकता है।

## एयर इंडिया को दिया नोटिस

**मुंबई/नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 27 फरवरी को दुबई-दिल्ली उड़ान के दौरान पायलट की एक महिला मित्र के कॉकपिट में आने की घटना की सूचना समय पर नहीं देने के मामले में एयर इंडिया के सीईओ कैम्पबेल विल्सन को कारण बताओ नोटिस भेजा है। एयर इंडिया के सुरक्षा, रक्षा और गुणवत्ता परिचालन प्रमुख हेनरी डोनोहोए को भी कारण बताओ नोटिस भेजा गया है।

### संबंध अमेरिका-रूस दोनों से खरीदेगा खतरनाक कैलिबर क्रूज व हार्पून मिसाइलें

# भारत मिसाइल से साधेगा विदेश नीति

**लखनऊ, (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना को मजबूत बनाने के लिए भारत ने रूस और अमेरिका दोनों से ऐसी खतरनाक मिसाइलें खरीदने का निर्णय लिया है, जिससे चीन की अकड़ ढीली हो जाएगी। वहीं भारत अमेरिका और रूस दोनों से मिसाइल खरीदकर दोनों देशों से अपनी संबंधों को मजबूत करेगा।

दरअसल, यूक्रेन से जंग के बाद भारत के न्यूट्रल रवैये से अमेरिका खिन्न है और रूस से तेल न खरीदने के लिए दबाव भी डाला है। पर भारत ने अमेरिका की अनसुनी की और रूस से कच्चा तेल बराबर खरीद रहा है। रूस से दोस्ती के बावजूद अमेरिका से भी भारत के कारोबारी और लोकतांत्रिक देश होने के नाते अच्छे पारंपरिक रिश्ते हैं। ऐसे में भारत रूस और अमेरिका दोनों से अच्छे संबंध रखना चाहता है।

रूस की खतरनाक कैलिबर क्रूज मिसाइल और अमेरिका की हार्पून मिसाइलें भारत की विदेश नीति को साधने में भी मददगार होंगी और हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की ताकत भी बढ़ाएंगी। भारत ने रूस और अमेरिका दोनों से मिसाइल सिस्टम खरीदने का निर्णरू लिया है। इन दोनों देशों से मिसाइल सिस्टम खरीदने की लागत करीब 20 करोड़ डॉलर है। इनमें रूस की कैलिबर क्रूज मिसाइल के अलावा अमेरिका की हार्पून मिसाइल शामिल है। इन मिसाइल सिस्टम को खास तौर पर भारतीय नौसेना के लिए खरीदा जा रहा है।

रूस और अमेरिका दोनों यूक्रेन को लेकर एकदूसरे के आमने सामने हैं। भारत परंपरागत रूप से रूस के साथ ब्रह्मोस से लेकर एस 400 एंटी मिसाइल सिस्टम तक, मिराज से सुखोई फाइटर जेट तक खरीदता रहा है। हालांकि रूस की जंग के बाद रक्षा निर्यात करने की क्षमता में कमी के बाद भारत अब अमेरिका, फ्रांस जैसे दूसरे देशों से भी रक्षा खरीद को एक्सपांड कर रहा है। इससे पहले अमेरिका ने भारत को होवित्जर तोप दी थी।

## गूगल ने ब्रिटिश अभिनेता ऐलन का डूडल बनाया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने रविवार को ब्रिटिश अभिनेता और निर्देशक ऐलन रिकमैन का डूडल बनाकर सम्मान किया है। रिकमैन थिएटर और फिल्म दोनों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर रहे। उनका 21 फरवरी 1946 को 69 की आयु में लंदन में निधन हुआ। हैरी पॉटर, डाई हार्ड जैसी फिल्मों में अपने जादुई प्रदर्शन के लिए विख्यात रिकमैन ने आज ही के दिन 1987 में रिकमैन ने ब्रॉडवे नाटक लेस लाइजन्स डेंजरस' में प्रदर्शन किया था जो उनके करियर लिए मील का पत्थर साबित हुई।

## चंबल रिवर फ्रंट पर बनाए जाएंगे अनेक नए कीर्तिमान

**कोटा, (एजेंसी)।** राजस्थान के कोटा में निर्माण के अंतिम दौर से गुजर रहे विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल चंबल रिवर फ्रंट पर कई विश्व रिकॉर्ड भी बनने जा रहे हैं जिन्हे दर्ज करने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम कोटा आएगी।

नगर विकास न्यास के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोटा में निर्मित चंबल रिवर फ्रंट न केवल रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है बल्कि कई विश्व रिकॉर्ड भी यहां स्थापित किए है। रिवरफ्रंट का कार्य अंतिम चरण में है और जल्दी ही इसके उद्घाटन की तारीख की घोषणा होने जा रही है। रिवरफ्रंट के उद्घाटन की तैयारियों को लेकर शनिवार को हुई बैठक में रिवरफ्रंट से जुड़े सभी अभियंता एवं संवेदक मौजूद रहे। बैठक में रिवरफट के पूर्वी और पश्चिमी छोर पर विकसित किए गए सभी घाट के साथ-साथ प्रत्येक पॉइंट की वर्चुअल समीक्षा कर विशेष निर्देश दिए गए।

# पुलिस व बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में चार गौ तस्कर गिरफ्तार

प्रखर जौनपुर। केराकत पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु जा रहे विशेष अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार के सफल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक आदेश कुमार त्यागी अपने हमराहियों के साथ मुफ्तीगंज से पसेवा जाने वाले

## दो गौ तस्करों के पैर में लगी गोली, घायल

लिंक मार्ग पर ग्राम सूचितपुर में रामचन्द्र राय के ईट भट्ठे के पास से देर रात लगभग साढ़े बारह बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम पसेवा की तरफ से आ रही पिकप गाड़ी को रोकने का प्रयास किया। परन्तु पुलिस वालो को देखते हुए पिकप पर सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जिससे एक गोली चौकी इंचार्ज मुफ्तीगंज चन्दन राय के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी, वही जबाबी फायरिंग में वही मौके से भाग रहे दो बदमाशो को घेराबन्दी कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार बदमाशो से नाम

पता पूछा गया तो घायल बदमाश ने अपना नाम समील्लाह पुत्र मंजूर निवासी फरिया थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ तथा दूसरे घायल बदमाश ने अपना नाम अरमान पुत्र रफीक निवासी भदेठी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर तथा तीसरे ने अपना नाम मोहम्मद फरहान पुत्र अब्दुल हफीज भदेठी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर व चौथे ने जिशान पुत्र अब्दुल हफीज निवासी भदेठी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर बताया। जामा तलाशी में हिरासत में लिए गये बदमाशों के पास से दो तमंचा 315 बोर व दो जिंदा तथा एक खोखा और एक मिस कारतूस 315 बोर और एक मोबाइल बरामद किया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर तथा अभियुक्त अरमान उपरोक्त के पास से एक तंमचा 315 बोर व एक जिंदा तथा एक मिस कारतूस 315 बोर व एक मोबाइल, चार जीवित गौवंश, एक पिक आप वाहन बरामद किया। पुलिस की गोली से घायल गौ तश्करो अरमान और सबीउल्लाह को उपनिरीक्षक युगल किशोर राय तथा हेड कांस्टेबल मिथिलेश के साथ इलाज हेतु जिला चिकित्साल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति नाजुक देख बेहतर इलाज हेतु वाराणसी स्थित ट्रामा सेन्टर भेज दिया। दो अन्य बदमाशों को खिलाफ बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत के न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में अपराध निरीक्षक जय प्रकाश यादव, उपनिरीक्षक विनोद कुमार अंचल, हेड कांस्टेबल सुनील पाल,अमित राय, भाईयालाल, अखिलेश चौधरी, विनोद यादव, प्रभाकर यादव, रामसेवक यादव, महेश कुमार, कांस्टेबल नीरज कुमार, चंदन कुमार, निक्कू चौधरी, सत्य प्रकाश, विनोद कुमार सिंह सामिल रहे।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दौलतपुर रोड स्थित न्यू वाराणसी पब्लिक स्कूल में विशाल निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन किया गया आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो० डा. वी० एन0 मिश्रा (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट व पूर्व चिकित्सा अधीक्षक, बी० एच०यू.) डा. रामविलास दूबे (सेवानिवृत्त जॉइंट डायरेक्टर, उत्तर प्रदेश, स्वाथ्य सेवाएँ), रामतेज पाण्डेय (पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश), प्रो० डा. प्रदीप कुमार पाण्डेय (पूर्व संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय, महात्मा गाँधी कासी विद्यापीठ एवं डॉ. प्रभु नारायण दूबे (संस्था प्रमुख), सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह), डा.अशोक राय (संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ,भाजपा) रहे कार्यक्रम में

ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ, विभिन्न डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही जिसमें लोगों को परामर्श, निःशुल्क जाँच एवं दवा का वितरण किया गया ` कार्यक्रम का शुरूआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ एवं स्वागत संस्था के निदेशक त्रिलोकी कुमार पाण्डेय ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन डा० प्रशान्त कुमार पाण्डेय, एम०डी० मेडिसिन द्वारा किया गया कार्यक्रम में अपार जन एक समूह एवं क्षेत्रिय गणमान्य लोग उपस्थित रहे स्वास्थ्य शिविर में लगभग 300 मरीजों परिक्षण किया गया` धन्यवाद एन. एस.यू .आई. प्रदेश सचिव, एड. अभिनव पाण्डेय ने किया जबकि कार्यक्रम का समन्वय शिक्षाविद् व डॉ.अशोक कुमार पाण्डेय ने किया स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

# मन की बात से मिलता है बहुत कुछ सीखने का मौका : सौरभ कुमार सिंह मुन्ना

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भाजपा के वरिष्ठ नेता सौरव सिंह मुन्ना के सिगरा स्थित आवास पर 100 वीं मन की बात को लोग बड़े उत्साहपूर्वक सुने` प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात में देश के विभिन्न राज्यों व हिमालय तक की बातों की अहम व रोचक जानकारियां मिली` सुदूर हिमालय में मोदी जी व उनकी मन की बात से प्रभावित हो कर सांगवान जी ने स्वच्छता का बीड़ा उठा लिया है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हर बच्चों को शिक्षा व स्वास्थ्य का लाभ मिले` मोदी जी जब भी मन की बात का कार्यक्रम होता है तो महसूस होता है कि कोई अपना ही बड़ा घर का सदस्य बोल रहा है आज भी बहुत सी रोचक, ज्ञानवर्धक बातों का जिक्र मोदी जी

ने किया जो सभी के जीवन व समाज मे एक सकारात्मक परिणाम ला सकती हैं सौरभ कुमार सिंह मुन्ना सिगरा के आवास पर मन की बात सुनी गयी` सौरभ कुमार सिंह, रविंद्र गिरी, पत्रकार राकेश श्रीवास्तव, मिथलेश गुप्ता, सुधीर जायसवाल, सन्तोष सिंह पटेल, आनन्द सिंह बंटी , राम प्रसाद, देवेन्द्र विश्वकर्मा, सहित इत्यादि कार्यकताओं ने मन की बात सुना।

# डीएम व एसपी ने सादात में लगाई चौपाल और किया रूट मार्च

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत सादात कस्बे में थाने की पुलिस बल के साथ पैदल रूट मार्च किया गया तथा आमजनमानस में शांति एवं सुरक्षा की भावना का संचार किया गया। पैदल गस्त के दौरान अधिकारी द्वय द्वारा आमजनमानस से चुनाव संबंधी फीडबैक भी लिया गया तथा उन्हें चुनाव में बढ़चढकर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी किया गया। इसके पूर्व अधिकारियो द्वारा सादात थाने पर जन चौपाल का आयोजन किया गया । चौपाल के दौरान वहां मौजूद वोटरों तथा प्रत्यासियों से चुनाओं के संबंध में उनकी समस्याओं को सुना गया तथा चुनाव को स्वतंत्र,निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के संबंध में लोगो की राय जानी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा चुनाव को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सैदपुर ,एसडीएम सैदपुर,थानाध्यक्ष सैदपुर तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर नासवी द्वारा आयोजित किया गया ऑनलाइन वेबीनार

प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह, राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद सिंह के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम दिवस के अवसर पर जूम ऐप के माध्यम से वेबीनार आयोजित किया गया जिसमें देश विदेश के फुटपाथ के कारोबारी रेहड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स संगठनों के प्रतिनिधि सम्मलित रहे अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर उत्तराखंड लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष व नासवी की वर्किंग कमेटी के सदस्य संजय चोपड़ा ने उत्तराखंड राज्य में रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी के साथ अपने रचनात्मक सुझाव ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से सांझा किए इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष, नासवी वर्किंग कमेटी के सदस्य संजय चोपड़ा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में उत्तराखंड सरकार द्वारा रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को देहरादून, हल्द्वानी, रुद्रपुर, कोटद्वार, रुड़की,

हरिद्वार, काशीपुर इत्यादि क्षेत्रों में वेंडिंग जोन के रूप में व्यवस्थित व स्थापित किए जाने के कार्य प्रचलन में हैं उन्होंने कहा हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा अभी तीन वेंडिंग जोन विकसित किए जा चुके हैं राज्य के अन्य जिलों में रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना के तहत स्वरोजगार के अवसर दिए जाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं उन्होंने कहा वर्ष 2014 में पत्र विक्रेता संरक्षण अधिनियम भारत सरकार द्वारा देश की राज्य सरकारों को लागू करने के लिए 1 मई 2014 को आदेशित किया गया था आज 9 वर्ष बीत जाने के उपरांत बहुत से राज्यों में राष्ट्रीय पत्र विक्रेता संरक्षण अधिनियम के तहत राज्य सरकारों द्वारा नियमावली नहीं बनाई गई है जो कि अन्याय पूर्ण है उन्होंने कहा नासवी द्वारा देश के जिन राज्यों में राज्य सरकारों द्वारा नियमावली नहीं बनाई गई है उन राज्यों में संघर्ष का रास्ता तैयार कर भावी रणनीति बनाने की आवश्यकता है अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर नासवी द्वारा आयोजित जूम ऐप के माध्यम से वेबीनार से जुड़े देश विदेश के लगभग 16 प्रतिनिधियों ने रेहड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स की मजबूती के लिए अपने विचारों का आदान प्रदान किया।

# डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा पर रोटरी गंगा द्वारा दो स्थानों पर वाटर कूलर का संचालन

प्रखर वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी गंगा द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनिल अग्रवाल की अधिकारिक यात्रा के अवसर पर शहर में 2 स्थानों पर वाटर कूलर एक शंभो माता मंदिर, कबीर चौरा दूसरा श्रीनगर कॉलोनी, गुरूबाग पर वाटर कूलर का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनिल अग्रवाल जी एवं उनकी धर्मपत्नी कविता अग्रवाल जी के करकमलो द्वारा किया गया, उक्त अवसर पर गवर्नर ने कहा यह बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है, गर्मी में पानी की काफी दिक्कत हो जाती है, उस समय आप पेय जल की उपलब्धता करा कर बहुत बड़ा नेक कार्य कर रहे हैं, आपके सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। वाटर कूलर के उद्घाटन के तत्पश्चात गवर्नर की अधिकारिक यात्रा पोकर मेनिया रेस्टोरेंट रविंद्र पुरी में आयोजित की गई, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को क्लब के स्थाई सेवा कार्यक्रम के

बारे में दीपक अग्रवाल, चार्टर अध्यक्ष द्वारा बताते हुए कहा गया वाराणसी शहर में के स्कूलों में चार स्थान पर सेनेटरी पैड मशीन, लगाई गई है, डेथ बॉडी चिलर का संचालन, प्रत्येक मंगलवार को नर्सिंग होम जमुना सेवा सदन,शिवपुर में स्त्री रोग एवं समस्त रोगों का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी बाबा मंदिर पर खिचड़ी एवं जलेबी का वितरण, इंटरेक्ट क्लब का संचालन, राघव राम वर्मा स्कूल, शिवपुर में कंप्यूटर द्वारा शिक्षा, शिवपुर में एडल्ट लिटरेसी कार्यक्रम द्वारा शिक्षा आदि स्थाई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, समय-समय पर बाढ़ राहत शिविर स्वास्थ्य शिविर मेडिकल चेक अप कैंप का भी संचालन किया जाता है। प्रारंभ में स्वागत धर्मेंद्र गोयल अध्यक्ष द्वारा किया गया, उन्होंने कहा की जरूरतमंद बच्चों को जो अधिक दूरी से आते हैं, उन्हें अतिशीघ्र साइकिल श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में प्रदान की जाएगी। उक्त अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल अग्रवाल जी द्वारा सभा को संबोधित करते हुए कहा गया रोटरी गंगा डिस्ट्रिक्ट के सर्वश्रेष्ठ क्लब में से एक है, इसके द्वारा सेवा के सभी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, और यह रोटरी की मूल भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सेवा के कार्यों को करता है, उन्होंने क्लब की बहुत सराहना की और बधाई भी प्रदान की। उक्त अवसर पर रोटेरियन हरिमोहन साह, पूर्व गवर्नर ,रत्ना बागची जी, असिस्टेंट गवर्नर अनिलचंद जैन जी, क्लब ट्रेनर कविता अग्रवाल जी फर्स्ट लेडी ऑफ द डिस्ट्रिक्ट द्वारा भी विचार व्यक्त किए गए। सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं माला द्वारा सम्मानित किया गया। धन्यवाद प्रकाश रोटेरियन सुजीत केसरी, क्लब सचिव द्वारा प्रदान किया गया। सभा के उपरांत म्यूजिकल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# सांस्कृतिक परिवेश में काशी रस के नाम से एक नया आयाम पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन की परिकल्पना के रूप में जुड़ा

प्रखर वाराणसी। सांस्कृतिक परिवेश में काशी रस के नाम से एक नया आयाम पुलिस कमिश्नर श्री अशोक मुथा जैन की परिकल्पना के रूप में जुड़ा।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामान्य लोगो और उभरते कलाकार को मंच प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम प्रस्तुति अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस के मंच पर की गई जिसका विधिवत उदघाटन पुलिस कमिश्नर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।लोक प्रिय संगीत की विभिन्न विधाओं की प्रस्तुति प्रत्येक रविवार को अस्सी घाट पर की जायेगी। काशी रस के अंतर्गत प्रथम प्रस्तुति सूफियाना संगीत की हुई जिसमे मानस द्वारा कैलाश खेर के चयनित गानों की मनोहारी प्रस्तुति की गई।उनका सहयोग गिटार पर स्वस्तिक, माहिम, कजोन पर वेदांत द्वारा अत्यंत कुशलता से किया गया।अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉक्टर रत्नेश वर्मा द्वारा इस पहल को अभूतपूर्व कहा तथा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।पुलिस कमिश्नरेट के संयोजन में यह कार्यक्रम

काशिकेये संगीत के विभिन्न रंग और रस को उजागर करेगा। इस अवसर पर काशी रस कार्यक्रम में श्याम कुमार केशरी भी उपस्थित रहे एवं सहायक पुलिस आयुक्त प्रवीण कुमार सिंह,अजय गुप्ता, उदय सिंह आदि उपस्थित रहे।धन्यवाद ज्ञापन अंशुमान महराज ने किया तथा संचालन सीमा केसरी द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मेरे लिए खेतासराय की पूरी जनता खड़ी है साथ : मोनू गुप्ता

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। मतदान की तिथि नजदीक आते ही भाजपा प्रत्याशी रूपेश गुप्ता मोनू को सभी वर्ग का भरपूर समर्थन मिलने लगा। कस्बे के सभी नागरिक अब खुलकर उनके साथ चुनाव प्रचार में उतर गए हैं। इससे भाजपा का चुनाव अब यहां निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। नगर पंचायत खेतासराय से भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व चेयरमैन श्रीमती निर्मला गुप्ता के बेटे रूपेश गुप्ता उर्फ मोनू को अपना उम्मीदवार बनाया है। मोनू के समर्थन में समाज के सभी वर्ग के लोग खुलकर चुनाव प्रचार में उतर आए हैं। कस्बे में जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी मोनू गुप्ता ने बताया कि यह चुनाव मै नहीं खेतासराय की आम जनता लड़ रही है। जो खुद अपने आप को चेयरमैन मानकर चल रही है। मैं तो जनता का सेवक हूं और सेवक बन कर रहूंगा। जन संपर्क के दौरान काफी संख्या में अल्पसंख्यक महिलाएं भी मौजूद रहीं। इस मौके पर रुखसाना बेगम, साजिया मोहम्मद मोहसिन , नबीउल्लाह, गोपाल जायसवाल, रवि गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, अंशु गुप्ता अन्य उपस्थित रहे।

### उड़न दस्ते की टीम ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर चलाया सघन चेकिंग अभियान

प्रखर केराकत जौनपुर। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर सोमवार की दोपहर मजिस्ट्रेट उड़न दस्ता आशीष मौर्या के नेतृत्व में कोतवाली चौराहे से स्टेशन रोड़ की तरफ गुजर रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई और कई गाड़ियों का ई चालान किया गया और लोगों को आचार संहिता के बारे में व पूरे प्रदेश में लागू 144 धारा के बारे में सघनता पूर्वक बताया गया।और सभी चार पहिया वाहनों की गहनता से जाँच कर लोगों को शख्त हिदायत दिया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन रोड़ पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। उड़न दस्ते टीम के साथ उपनिरीक्षक नान्हू यादव , हेड कांस्टेबल सुग्रीव यादव, हेड कांस्टेबल छोटे लाल सिंह, कैमरा मैन राजेश कुमार, अवधेश कुमार के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

### रोटरी उदय और विदयमा फाउंडेशन द्वारा चौरा माता का स्थापना माह के शुभ अवसर पर देवी गीत व भजन संध्या का किया गया आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी उदय और विदयमा फाउंडेशन द्वारा चौरा माता (ग्रामदेवी) का स्थापना माह के शुभ अवसर पर हरिपट्टी, मोढ़, भदोही में अपने पैतृक गांव में देवी गीत व भजन संध्या का शानदार आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध गायक अमलेश शुक्ला व आस्था शुक्ला द्वारा देवी गीत व अन्य भक्ति गीतों से समस्त ग्राम वासियो को मंत्रमुग्ध व भक्ति रस में भाव बिभोर कर दिया। विदयमा फाउंडेशन के संथापक माया शंकर दुबे व संरक्षक राजकुमार दुबे द्वारा सभी का अभिनंदन किया गया तथा इसके उपरान्त उपस्थित समस्त ग्रामवासियों को प्रशाद व भोजन का भी वितरण किया गया। रोटरी उदय द्वारा यह सफल आयोजन कराया गया जिसमे प्रेसिडेंट रो.अजय दूबे, सचिव रो. अखिलेश रावत, सह सचिव रो. गौरव त्रिपाठी, रो. आदित्य दूबे, रो. अजित श्रीवास्तव के साथ अगले सत्र के रोटरी उदय के निर्वाचित प्रेसिडेंट रो ऋषभ राज सिंह व अन्य सदस्य रो. राजेश दूबे, रो. सुधीर दूबे की प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

### प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के मिशन को आगे बढ़ा रही बीसी सखी-अवनीश पाठक

प्रखर वाराणसी। चिरईगांव की ग्राम सभा नरायनपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका द्वारा संचालित स्वयंसेवी सहायता समूह के द्वारा बी.सी. सखी व बैंक मित्र के तत्वाधान में डिजिटल इंडिया को गति प्रदान करने व ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग से जोड़ने का एक अनूठा प्रयास किया गया राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन द्वारा संचालित समूह के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बैंकिंग लेन देन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया उनको सरकार द्वारा प्रदत्त बीमा का लाभ बैंक के माध्यम से सीधे ग्रामीण जनता को कैसे प्राप्त हो इसकी जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला सामाजिक सद्भाव प्रमुख अवनीश पाठक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले गाँव से लोग शहर के बैंक में जाया करते थे आज बैंक आपके द्वार पे खड़ा है जिसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के डिजिटल इंडिया के माध्यम से ही संभव हो सका है कार्यक्रम का आयोजन व संचालन बी.सी. सखी पूनम सिंह ने किया धन्यवाद बीएनएम पूजा सिंह ने व संचालन सी , समूह की अध्यक्ष सीमा ने धन्यवाद ज्ञापित किया,कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के सुपरवाइजर अनीश सिंह, धनंजय सिंह, राकेश समेत सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं भी मौजूद रही।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं